राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या
वर्ष: 37 अंक 54
वृहस्पतिवार 04 जून, 2026

मूल्य 2 रुपए | पृष्ठ- 06 | अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

तापमान
अधिकतम 34°C | न्यूनतम 26°C

**अमृत वाणी**

हम जितना ज्यादा बाहर जाएं और दूसरों का भला करें, हमारा हृदय उतना ही शुद्ध होगा और परमात्मा उसमें बसेंगे।

# होटल में लगी आग, 21 की मौत

## इनमें बांग्लादेश-अफ्रीकी देशों के 17 नागरिक, अधिकारी बोले- बिल्डिंग की फायर एनओसी नहीं थी







### गैर इरादतन हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली, 03 जून।** दिल्ली के मालवीय नगर के फ्लरिश स्टे होटल में बुधवार को आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 17 विदेशी नागरिक हैं। जो बांग्लादेश और अफ्रीकी देशों के हैं।

दिल्ली फायर सर्विस और स्थानीय लोगों के मुताबिक, मालवीय नगर में मौजूद इस होटल के रेस्टोरेंट में सुबह 8.50 बजे आग लगी। आग ऊपरी मंजिलों पर बने कमरों और बेसमेंट तक पहुंच गई।

चीफ फायर ऑफिसर अभिलाष मलिक ने कहा,फायर टीम ने यहां से 37 लोगों को बाहर निकाला। बिल्डिंग की फायर एनओसी नहीं थी। होटल में 25 कमरे हैं।

वहीं, हादसे के वीडियो में कुछ लोग जान बचाने के लिए जलती हुई इमारत की तीसरी-चौथी मंजिल से कूदते नजर आये। इन्हें बचाने के लिए स्थानीय लोगों ने जमीन पर गद्दे भी बिछाए थे।

बेसमेंट से भी 6 से ज्यादा लोगों को निकाला गया। 40 लोगों का रेस्क्यू किया गया । कई लोगों की हालत गंभीर है। आग लगने की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है।

आग 6 मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर बने बी-एन-बी रेस्टोरेंट में लगी। कुछ देर बाद होटल में ऊपर की तरफ फैल गई। यह होटल दिल्ली के प्रेस एन्क्लेव रोड पर है। यहीं पर मैक्स हॉस्पिटल और AIIMS भी है। बताया जा रहा है कि इन अस्पतालों में इलाज कराने आने वालों के परिजन भी इस होटल में रुका करते थे।

मैक्स अस्पताल के अधिकारी के मुताबिक कुल 39 लोगों को यहां लाया गया था। इनमें से 18 की पहले ही मौत हो चुकी थी। 5 लोगों को हल्की चोटें थीं। उन्हें डिस्चार्ज किया गया है। 15 लोग आईसीयू में एडमिट हैं, इनमें से 8 वेंटिलेटर पर हैं। जिनकी हालत गंभीर है। एक व्यक्ति बहुत ज्यादा झुलस गया था, उसे सफदरजंग अस्पताल रैफर किया गया है।

वहीं, AIIMS में 13 लोगों का इलाज जारी है। इनमें 3 लोग वह हैं, जिन्होंने होटल के कमरों से जान बचाने के लिए छलांग लगाई थी। एक व्यक्ति पैर टूट गए हैं।

दिल्ली पुलिस ने इस मामले में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। इस बीच, कम से कम 21 लोगों की मौत के घंटों बाद भी शोक संतप्त रिश्तेदार साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में जमा होकर अपने प्रियजनों के बारे में जानकारी की तलाश कर रहे थे। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) द्वारा बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया गया।

खबर एजेंसी पीटीआई के अनुसार, मालवीय नगर के घनी आबादी वाले इलाके हौज रानी में स्थित फ्लोरिश स्टे बीएंडबी में आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली अग्निशमन सेवा को सुबह आपातकालीन सूचना मिली और उन्होंने तुरंत कई अग्निशमन दल मौके पर भेजे। इस दल में दो पानी की गाड़ियां, दो पानी के टैंकर, एक त्वरित प्रतिक्रिया वाहन और अन्य आपातकालीन उपकरण शामिल थे। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि लेमन ग्रीन रेस्तरां के तहखाने से तीन लोगों को बचाया गया। आग पर काबू पाने के लिए सुबह करीब 8.50 बजे कई अग्निशमन गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। बचाए गए लोगों को सीएटीएस एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत के बारे में तत्काल जानकारी नहीं मिल पाई है। आग लगने का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने होटल में लगी आग की घटना में गैर इरादतन हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस सूत्रों ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि होटल में प्रवेश और निकास का केवल एक ही द्वार था। उन्होंने कहा कि अग्निशमन संबंधी एनओसी की जांच की जा रही है।

## एनसीआर से पुराने ट्रक-बस हटेंगे बिहार, तेलंगाना, एमपी और उड़ीसा को मिली हाईवे की सौगात

**दिल्ली, 03 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आज कई अहम फैसले लिये गये। फैसलों की जानकारी संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। बैठक में विमानन क्षेत्र को राहत देने, दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण कम करने और देश के विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पश्चिम एशिया संकट के कारण विमान ईंधन की कीमतों में आई भारी अस्थिरता को देखते हुए भारतीय विमानन कंपनियों के लिए विमान ईंधन मूल्य स्थिरीकरण कोष को मंजूरी दी है। इसके तहत तेल विपणन कंपनियों को अधिकतम दस हजार करोड़ रुपये तक की ब्याज मुक्त सहायता दी जाएगी। यह सहायता पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में विमान ईंधन की कीमतें मार्च 2026 में लगभग साठ रुपये प्रति लीटर से बढ़कर मई में एक सौ बयालीस रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई हैं। विमानन कंपनियों के कुल परिचालन खर्च में ईंधन की हिस्सेदारी लगभग चालीस प्रतिशत होती है।

ऐसे में यह योजना घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाओं को स्थिर बनाए रखने में मदद करेगी। इसके तहत विमान कंपनियों को तीन वर्षों तक केवल सरकारी तेल कंपनियों से ही ईंधन खरीदना होगा। सरकार का मानना है कि इससे यात्रियों पर किराये का अतिरिक्त बोझ कम होगा और छोटे शहरों तक हवाई संपर्क बना रहेगा।

# डीके शिवकुमार बने कर्नाटक मुख्यमंत्री



### संविधान हाथ में लेकर शपथ, जी परमेश्वर उपमुख्यमंत्री बने, सिद्धारमैया के बेटे समेत 12 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली

**बेंगलुरु, 03 जून।** डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान रखे हुए थे। उन्हें 30 मई को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था।

जी परमेश्वर ने नए डिप्टी चीफ मिनिस्टर पद की शपथ ली। इनके अलावा 12 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं।

शिवकुमार, सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वे 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे।

नई कैबिनेट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक भी शामिल हैं। मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार विधान परिषद और राज्यसभा चुनाव के बाद होने की संभावना है।

शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा केरल, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री और अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए। शपथ ग्रहण से ठीक एक दिन पहले सिद्धारमैया को कांग्रेस कार्य समिति (CWC) का सदस्य नियुक्त किया गया।

# करोड़पति परिवार के 4 लोगों की हत्या

## पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची, गत्ते पर लिखा था- बंटी, बबली और बहू ने मारा



अनीता, मृतका | अभिषेक, मृतक

**प्रयागराज, 03 जून।** प्रयागराज में करोड़पति परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई। इनमें पति-पत्नी और उनके बेटा-बेटी शामिल हैं। घर बाहर से बंद था और ताला लगा हुआ था।

मंगलवार दोपहर घर से बदबू आने पर पड़ोसियों को शक हुआ। पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया, आवाज लगाई। लेकिन, कोई जवाब नहीं मिला। तब पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस गेट तोड़कर अंदर पहुंची।

एक कमरे में वीरेंद्र कुमार वैश्य (70), उनकी पत्नी अनीता (65) की लाश मिली। पास ही दूसरे कमरे में बेटी मीनाक्षी (40) की लाश पड़ी हुई थी। तीनों के सिर पर गहरे जख्म थे। आसपास काफी खून फैला था, जो सूख चुका था।

बेटे अभिषेक (38) की लाश ग्राउंड फ्लोर पर बनी दुकान में मिली, जो बाहर से बंद थी। पहले अभिषेक के लापता होने की जानकारी आई थी। तब उसी पर शक गया था कि वह तीनों को मारकर फरार हो गया है।

पुलिस ने बताया- जिस कमरे में दंपती के शव मिले, वहां एक गत्ता पड़ा था। उस पर लिखा मिला, बंटी, बबली और बहू ने मारा। अब परिवार में एक ही बेटा बचा है। वह धोखाधड़ी के केस में इस समय कौशांबी जेल में बंद है। वारदात साउथ मलाका में हीवेट रोड चौराहे की है।

वीरेंद्र कुमार वैश्य का हीवेट रोड चौराहे पर दो मंजिला मकान है। निचले हिस्से में 14 दुकानें हैं। 13 दुकानें किराए पर हैं। ऊपरी हिस्से में वह परिवार के साथ रहते थे। परिवार में पत्नी, बेटी-बेटे के अलावा एक छोटा बेटा अश्विनी था, जो कौशांबी जेल में बंद है।

एक दुकान बेटी मीनाक्षी चलाती थी। वह गिफ्ट से जुड़े सामान बेचती थी। उसी दुकान पर वीरेंद्र वैश्य भी बैठा करते थे। बेटा अभिषेक फ्लोर क्लीनिंग के काम से जुड़ा था। मीनाक्षी और अभिषेक की शादी नहीं हुई थी।

मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे पड़ोसियों ने घर से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि निचली मंजिल से ऊपर जाने का रास्ता खुला था, लेकिन ऊपरी मंजिल का गेट बाहर से बंद था। पुलिस ने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया।

अंदर एक कमरे में वीरेंद्र कुमार और उनकी पत्नी के शव पड़े मिले, जबकि दूसरे कमरे में उनकी बेटी मीनाक्षी का शव मिला। इसके बाद फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को मौके पर बुलाया गया। जांच के बाद पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद पुलिस ने पूरे मकान की तलाशी ली। घर के नीचे बनी दुकानों की जांच के दौरान ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एक दुकान से एक और शव बरामद हुआ। बाद में उसकी पहचान परिवार के बेटे अभिषेक के रूप में हुई। सूचना पर पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र सिंह और एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर डॉ. अजय पाल शर्मा भी मौके पर पहुंचे।

स्थानीय लोगों ने बताया कि वीरेंद्र कुमार वैश्य को आखिरी बार रविवार को देखा था। इसके बाद से न तो वह दिखाई दिए और न ही उनकी पत्नी और बेटी को किसी ने देखा। जिस दो मंजिला मकान में वारदात हुई, वह करीब 8,000 वर्गफुट क्षेत्रफल में बना हुआ है। संपत्ति की अनुमानित कीमत 10 से 15 करोड़ रुपए है।

मौके पर पहुंचे रिश्तेदार अतिन केसरवानी ने कहा कि वीरेंद्र कुमार वैश्य उनके रिश्ते में फूफा लगते थे। परिवार का लोगों से ज्यादा मेलजोल नहीं था। वे अपने काम से ही मतलब रखते थे।

एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर डॉ. अजय पाल शर्मा ने बताया कि दुकान से मिला चौथा शव काफी फूल चुका है। परिजनों ने इसकी पहचान अभिषेक के रूप में की है। मौत के कारण की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

जिस दुकान से शव बरामद हुआ, उस पर बाहर से ताला लगा हुआ था। जांच के दौरान एक और अहम तथ्य सामने आया है। जिस कमरे में दंपति के शव मिले, वहां एक बोर्ड पर लिखा मिला, बंटी, बबली और बहू ने मारा। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बंटी-बबली और बहू कौन हैं। उनका इस मामले से क्या संबंध है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक व्यापारी के छोटे बेटे अश्विनी ने कीडगंज की रहने वाली रितु के साथ लिव-इन में रहने लगा।। दोनों पर कई लोगों से धोखाधड़ी करने के आरोप में मुकदमे दर्ज हुए थे। इसी मामले में दोनों को जेल भेजा गया था। बाद में महिला को जमानत मिल गई, जबकि अश्विनी अभी भी जेल में बंद है।

पुलिस ने संबंधित महिला की तलाश के लिए भी 5 टीमें लगा दी हैं। मामले के सभी पहलुओं की जांच की जारी है।

## यूपी में पंचायत चुनाव की देरी पर हाईकोर्ट नाराज

**लखनऊ, 03 जून।** यूपी में पंचायत चुनाव होने में देरी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने नाराजगी जताई है। कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि पंचायत चुनाव कब तक करवाएंगे। संभावित तारीख बताइए।

जस्टिस शेखर बी. सराफ और जस्टिस अवधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ बुधवार को प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के मामले में ओमप्रकाश प्रजापति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 10 जुलाई की तारीख दी है।अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि 10 जुलाई को पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट पेश करिए। चुनाव आयोग से कहा कि वह उस दिन पंचायत चुनाव की संभावित तारीख लेकर आए।ओमप्रकाश के वकील अमरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार को कोर्ट ने राज्य सरकार की इस दलील को नहीं माना कि ओबीसी आयोग छह माह में रिपोर्ट देगा।दरअसल, पंचायत चुनाव में सीटों के आरक्षण के निर्धारण के लिए सरकार ने समर्थित पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया है, जो छह माह में अपनी रिपोर्ट देगा। इसकी रिपोर्ट के बाद ही पंचायत चुनाव कराने की बात कही जा रही थी। लेकिन, अब हाईकोर्ट की सख्ती के बाद सरकार को ओबीसी आयोग की रिपोर्ट पेश करनी है। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग को भी पंचायत चुनाव की तिथि कोर्ट को बतानी है।

## सूर्या की हत्या करने वाला 5वां आरोपी अरेस्ट

**गाजियाबाद, 03 जून।** गाजियाबाद में सूर्या चौहान की हत्या में शामिल 5वें आरोपी सारिक मेवाती को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। वह 6 दिन से फरार था। आरोपी सारिक नवनीत विहार, खोड़ा का रहने वाला है। पुलिस ने उस पर 25 हजार का इनाम रखा था।प्रशासन ने बुधवार को खोड़ा से करीब 15 किलोमीटर दूर मसूरी क्षेत्र में बुलडोजर चलाकर मदरसा जामिया अरबिया इशातुल इस्लाम को गिरा दिया। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया- मसूरी में लगभग 5 हेक्टेयर सरकारी भूमि दर्ज है। इसमें करीब 1 हेक्टेयर भूमि पर मदरसा नबिया इस्लाम ने अवैध कब्जा कर लिया था। 5 बुलडोजर लगाकर कब्जे वाली जमीन पर सात कमरे और अन्य निर्माण ढहा दिए गए। मदरसा संचालक से 1 करोड़ 23 लाख की रिकवरी की जाएगी।

# ममता की टीएमसी टूटी, 58 विधायकों ने अलग गुट बनाया

## ऋतब्रत बनर्जी को विधायक दल का नेता चुना, दावा- स्पीकर ने उन्हें नेता विपक्ष माना



**कोलकाता, 03 जून।** पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (TMC) में बड़ी टूट सामने आई है। पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में 58 विधायकों ने अलग गुट बना लिया है। उन्होंने दावा किया कि उनके साथ दो और विधायक भी हैं।

ऋतब्रत ने बुधवार को कहा कि 58 विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस को समर्थन पत्र देकर उन्हें विधायक दल का नेता और नेता विपक्ष घोषित करने की मांग की, जिसे स्पीकर ने मंजूरी दे दी है। जावेद खान, संदीपन साहा और सिउली साहा को उपनेता जबकि अखरुज्जमान को चीफ व्हिप बनाया गया है।

ऋ तब्रत के मुताबिक संसदीय नियमों के मुताबिक उनका गुट ही बंगाल विधानसभा में असली और मुख्य विपक्ष है। बागी गुट को 58 विधायकों का समर्थन है, जो दल-बदल कानून के तहत जरूरी दो-तिहाई संख्या से ज्यादा है।

हालांकि, अभी विधानसभा स्पीकर और ममता बनर्जी का कोई बयान नहीं आया है। बागी गुट ने अपने पत्र में ममता बनर्जी को अब भी पार्टी अध्यक्ष बताया है। लेकिन अभिषेक बनर्जी का नेतृत्व और विधायक दल से जुड़े फैसलों को मानने से इनकार किया है।

यह विवाद उस समय शुरू हुआ, जब नेता विपक्ष के चयन से जुड़े प्रस्ताव पर फर्जी हस्ताक्षर का आरोप लगने के बाद ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से बाहर कर दिया गया था।

यह तस्वीर 1 जून की है। ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा ने अन्य विधायकों के साथ मीटिंग की थी। इसी के बाद बगावत की शुरुआत हो गई थी।

पार्टी के भीतर बगावत के बीच ममता बनर्जी ने बुधवार को राज्य की सभी कमेटियों और फ्रंटल संगठनों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। पार्टी अब पूरे संगठन का पुनर्गठन करेगी।

# भारत समेत दुनियाभर में 3 महीने तक सूखे की आशंका

## केंद्र का निर्देश- राज्य तुरंत एक्शन प्लान लागू करें, 2 सिस्टम बने तो ही बारिश की उम्मीद

**नई दिल्ली, 03 जून।** इस साल में भारत समेत दुनियाभर में सूखे की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग के बाद विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) ने मंगलवार देर रात वैश्विक जलवायु को लेकर चेतावनी जारी की है। संयुक्त राष्ट्र (UN) की इस मौसम एजेंसी के मुताबिक, प्रशांत महासागर में तेजी से गर्म हो रहे समुद्री जल के कारण जून से अगस्त के बीच अल नीनो बनने की आशंका 80% है। नवंबर तक इसके 90% या उससे ज्यादा बने रहने की आशंका है।

इन सबके बावजूद भारत में 2 एक्टिव सिस्टम यानी इंडियन ओशन डायपोल (IOD) और मैडेन-जूलियन ऑस्सिलेशन (MJO) से मानसून बच सकता है। ये बादलों और हवाओं का एक ऐसा वैश्विक सिस्टम है तो मूमध्य रेखा पर घूमता रहता है। जब यह भारत के ऊपर से गुजरता है, तो कमजोर मानसून में भी भारी बारिश के स्पेल (दौर) लेकर आता है।

मौसम विभाग के मुताबिक देश में मानसून के दौरान सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम मानसून अभी लेट है। इसके 4 जून को केरलम पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरलम पहुंचता है।

WMO के मुताबिक, अल नीनो आगे चलकर और मजबूत हो सकता है। इससे भारत समेत दुनियाभर में सूखा, बाढ़, समुद्री-स्थलीय हीटवेव और मौसम के खतरनाक रूप देखने को मिल सकते हैं।

इस बीच कृषि मंत्रालय ने राज्यों और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया है कि सामान्य से कम मानसून और अल नीनो की आशंका को देखते हुए जिलास्तर पर प्लान लागू करें। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि साथ ही किसानों तक जल्दी जानकारी पहुंचाने के लिए डिजिटल और कॉल सेंटर सेवाओं को मजबूत करें।

प्रशांत महासागर के भूमध्यरेखीय क्षेत्र में जब समुद्री हवाएं कमजोर पड़ती हैं, तो दक्षिण अमेरिकी तट का पानी असामान्य रूप से गर्म होने लगता है। समुद्र के पानी के गर्म होने को अल नीनो कहते हैं। यह वैश्विक हवाओं और बादलों के पैटर्न को बदलकर दुनियाभर के मौसम को तहस-नहस कर देता है। WMO के वैज्ञानिकों के मुताबिक, प्रशांत महासागर की सतह के नीचे का पानी सामान्य से 6°C तक ज्यादा गर्म मिला है। यह चिंताजनक है। समुद्र में जमा यही अतिरिक्त ऊष्मा सतह को गर्म कर रही है, जिससे अलनीनो को रफ्तार मिल रही है।

घर के बाहर घर जैसा आराम
**होटल वैशाली**
मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद
(बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)
एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें। मो.- 9919404087

कंचन चौरसिया
महिला जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज

रमेश कुमार चौरसिया
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद
नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई मो. 9235152444

**निदान चिकित्सा केन्द्र**
कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003
डा. गुंजन यादव
( M.B.B.S.,D.G.O. )
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. रोहित यादव
( M.B.B.S., M.D. )
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

**डा. राधेश्याम यादव**
( M.B.B.S., D.T.C.D. ), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी ( C.M.O ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी ( D.T.O. ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक ( J.D. ) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ ( रजि. नं.- 29775 )
प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव

# अपर जिला जज ने पूजा-अर्चना कर किया भंडारे का शुभारंभ



बाराबंकी। ज्येष्ठ माह के पंचम बड़े मंगल के पावन अवसर पर राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत टीम बाराबंकी के तत्वावधान में जिला कार्यालय आलापुर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान हनुमान जी का प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की।

भंडारे में मुख्य रूप से अपर जिला जज, राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, एससी/एसटी आयोग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, सदर विधायक सुरेश यादव, पूर्व सांसद उपेंद्र रावत, जैदपुर विधायक गौरव रावत भाजपा नेता डॉ. विवेक वर्मा, डॉ. सतीश चंद्रा, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष जयदीप सिंह सिद्दू, भाजपा नेता पंकज गुप्ता पंकी , नगर पालिका अध्यक्ष शिला सिंह, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से अम्बिका प्रसाद, विजय राम समूझ सहित टीआई राम यतन यादव अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के अवध प्रांत अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, मंडल अध्यक्ष अयोध्या नवीन जायसवाल, जिलाध्यक्ष बाराबंकी पीयूष वर्मा, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा, मंडल प्रवक्ता सोमनाथ मिश्रा, जिला महासचिव वीरेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी लवकुश कुमार यादव, महिला अध्यक्ष पत्रकार रामदुलारी पटेल,आईटी सेल प्रभारी विनय वर्मा, सचिन यादव, पत्रकार राजबहादुर, ब्लॉक अध्यक्ष हरख बेनी प्रसाद यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष विशंभर यादव, नगर अध्यक्ष सतरिख मनोज यादव, पत्रकार अंजनी कुमार ,कमल यादव, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विनय मौर्य, प्रभारी अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव तहसील सचिव फतेहपुर रोहित वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार बलवंत यादव, पत्रकार रामानंद गुप्ता,तहसील अध्यक्ष नवाबगंज विश्वनाथ सोनी ,पत्रकार अर्जुन यादव,एडवोकेट राहुल मौर्य वरिष्ठ पत्रकार,तहसील कार्यकारिणी सदस्य हैदरगढ़ अंकुर कुमार , पत्रकार सतीश कुमार, पत्रकार अखिलेश कुमार सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में निभाई जा रही सक्रिय भूमिका की सराहना की।

वक्ताओं ने कहा कि बड़े मंगल के अवसर पर आयोजित ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, सौहार्द और सेवा भाव को बढ़ावा देते हैं। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजन को सफल बनाने में संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# फार्मर रजिस्ट्री शिविर का डीएम ने लिया जायज़ा



बहराइच। कृषि एवं एलायड विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में फार्मर आई.डी. की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के शत-प्रतिशत कृषकों की फार्मर आई.डी. बनाये जाने के उद्देश्य से जनपद की ग्राम पंचायतों में संचालित किये जा रहे शिविरों का जायजा लेने के उद्देश्य जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे के साथ तहसील एवं ब्लाक महसी के ग्राम पंचायत रामगांव का भ्रमण किया। प्राथमिक विद्यालय रामगांव के परिसर में लगाये शिविर के निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी कृषि आर.पी. सिंह ने बताया कि लक्ष्य 192 के सापेक्ष 44 कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री की गई है। निरीक्षण दिवस की बात की जाये तो डीएम के पहुंचने तक 05 कृषकों की फार्मर आईडी तैयार की गई थी।

डीएम त्रिपाठी ने उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा को निर्देश दिया कि 03 दिवस के अन्दर अवशेष कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले कृषकों की खतौनी, किसान सम्मान निधि इत्यादि से सम्बन्धित यदि कोई समस्या है तो उसका भी निस्तारण कराया जाय। डीएम ने राजस्व विभाग से सम्बन्धित कार्मिकों को निर्देश दिया कि राजस्व वाद तथा चकमार्ग के सम्बन्ध में भी यदि किसी ग्रामीण या कृषक की कोई समस्या है तो उसका भी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें।

डीएम त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में मौजूद कृषकों से संवाद करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कृषकों के लिए एक अत्यन्त महत्वपूर्ण अभिलेख है। आने वाले समय में सरकार की सभी लाभकारी योजनाएं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, खाद-बीज पर सब्सिडी एवं कृषि यंत्रों पर छूट इत्यादि सुविधाएं प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी का होना अनिवार्य होगा। निकट भविष्य में फार्मर रजिस्ट्री न होने पर कृषक सरकारी लाभों से वंचित भी सकते हैं।

जिलाधिकारी ने कृषकों को सुझाव दिया कि अपने आधार लिंक्ड मोबाइल, आधार नम्बर व खतौनी अथवा गाटा संख्या के साथ शिविर में आकर अथवा नज़दीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर या लेखपाल से सम्पर्क कर फार्मर रजिस्ट्री बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री बन जाने से कृषकों को क्रय केंद्रों पर गेहूं, धान, सरसों इत्यादि बेचने हेतु सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी, किसान क्रेडिट कार्ड मात्र तीन दिनों में बन जाएगा, आपदा से फसलों में क्षति होने पर क्षतिपूर्ति प्राप्त करने, खाद बीज सहित अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के साथ-साथ किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य होगी। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी प्रतीक, लेखपाल, सचिव, पंचायत सहायक व अन्य सम्बन्धित कार्मिक मौजूद रहे।

# साइबर धोखाधड़ी में 50 दिन बाद दूसरा आरोपी गिरफ्तार




बाराबंकी। बाराबंकी जिले के असंद्रा पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी में बुधवार को दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दर्ज मुकदमें के करीब 50 दिन बाद हुई। आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन और 310 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। उस पर अपने साथी के सहयोग से आधार में नंबर बदलकर धोखाधड़ी से लोन लेने का आरोप है। यह मामला असंद्रा कोतवाली क्षेत्र के मिर्चिया गांव निवासी हिमांशु चौरसिया पुत्र अशोक कुमार से जुड़ा है। हिमांशु ने 14 अप्रैल को उच्चाधिकारियों और सीएससी राज्य कार्यालय यूआईडीएआई को प्रार्थना पत्र दिया था। उन्होंने बताया था कि उनकी अनुमति और बायोमेट्रिक सत्यापन के बिना, किसी आधार सेवा केंद्र पर उपस्थित हुए बिना ही उनके आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल नंबर बदल दिया गया। इसके बाद एक फर्जी बैंक खाता खोलकर लोन लिया गया। जांच के बाद, थाना असन्द्रा इंस्पेक्टर आलोक मणि त्रिपाठी ने बरेली जनपद के सोमेश कुमार यदुवंशी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 319 (2), 318 (4), 66 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी सोमेश कुमार यदुवंशी पुत्र सत्यपाल उर्फ निरंजन सिंह, निवासी जगतपुर काशीराम, थाना फतेहगंज पश्चिमी, जनपद बरेली को 24 मई को बरेली से गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से लैपटॉप, आइरिश मशीन, बायोमेट्रिक मशीन, ब्राडबैंड डिवाइस, मोबाइल फोन और आधार नामांकन संशोधन रजिस्टर बरामद हुए थे। पुलिस पूछताछ में सोमेश ने अपने साथी कमल? आदि का नाम बताया था। पुलिस ने बुधवार को आरोपी कमल वर्मा पुत्र राकेश वर्मा, निवासी मोहल्ला बंसी बिहार, कैंपल रोड, थाना ठाकुरगंज, जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया। पूछताछ में कमल वर्मा ने बताया कि वह फर्जी सिम और आईडी बनाकर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में खाते खोलता था और फिर लोन की रकम ट्रांसफर करता था। उसने स्वीकार किया कि उसने हिमांशु चौरसिया के आधार में मोबाइल नंबर बदलकर आरके बंसल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड फंड और एवीए फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड फंड से 16,550 रुपये का लोन लिया था। यह राशि आईडीएफसी बैंक खाते में क्रेडिट कराई गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पहले से दर्ज मुकदमें धारा 338, 336 (3) व 340 (2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी भी की है।

# किसानों ने बीडीओ को सौंपा मांगपत्र



बाराबंकी। बाराबंकी के सूरतगंज में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) देवेंद्र प्रताप सिंह को पांच सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। इस दौरान किसानों ने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। भाकियू के सूरतगंज ब्लॉक अध्यक्ष निर्मल कुमार वर्मा के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने बताया कि क्षेत्र के कई गांवों में सड़कें जर्जर स्थिति में हैं, जिससे ग्रामीणों और किसानों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कई स्थानों पर नालियों के अधूरे निर्माण या नियमित सफाई न होने के कारण जलभराव की समस्या भी बताई। किसानों ने ज्ञापन में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्थापित की गई पानी की टंकियों के संचालन का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने शिकायत की कि करोड़ों रुपये की लागत से बनीं कई पानी की टंकियां नियमित रूप से संचालित नहीं हो रही हैं, जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। किसानों ने इन योजनाओं को निर्बाध रूप से संचालित कर प्रत्येक घर तक पेयजल पहुंचाने की मांग की। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंपों के रिबोर और मरम्मत की मांग भी की गई। किसानों का कहना था कि गर्मी के मौसम में कई गांवों में हैंडपंप खराब होने से पेयजल संकट गहरा गया है। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद खंड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगों का गंभीरता से संज्ञान लिया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देकर समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर भाकियू के संतोष शुक्ला, प्रवेश कुमार, त्रिभुवन और लवकुश कुमार सहित कई किसान एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समयबद्ध समाधान नहीं हुआ तो संगठन आगे आंदोलन की रणनीति बनाने को बाध्य होगा।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

बहराइच। बहराइच जिले के पयागपुर रेलवे स्टेशन पर बुधवार दोपहर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। यह घटना गोरखपुर-बहराइच इंटरसिटी एक्सप्रेस के पयागपुर से गुजरने के दौरान हुई। मृतक युवक की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर मौजूद लोगों और स्थानीय निवासियों से युवक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का वीडियोग्राफी कराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक ट्रेन में सवार था या उसने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या की है। मामले की जांच जारी है।

# नवविवाहिता की जहर देकर हत्या करने का आरोप,परिजनों ने एसपी को दिया प्रार्थना पत्र




बहराइच। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बग्गर कोरैला में बीती 25 मई को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना में मृतका के भाई ने जहर देकर हत्या का आरोप लगाते हुए हरदी पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप है कि हरदी थाना प्रभारी ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट का हवाला देते हुए मुकदमा पंजीकृत करने से इन्कार कर दिया।जिस पर पीड़ित ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के समक्ष पेश होकर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धन्नीपुरवा के रहने वाले रामराज ने एसपी को बताया है कि उन्होंने अपनी बहन अंकिता का विवाह माह मार्च 2023 में हरदी थाना क्षेत्र अंतर्गत बग्गर कोरैला के रहने वाले अर्जुन के साथ किया था। रामराज का आरोप है कि शादी के बाद से ही बहनोई अर्जुन व बहन के सास व श्वसुर अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए बहन को लगातार प्रताड़ित करते रहे। पीड़ित का कहना है कि बीती 25 मई की रात को उन्हें बहन की मौत की सूचना मिली। जब वो मौके पर पहुँचा तो पता चला कि ससुरालीजन बहन के शव का अन्तिम संस्कार की तैयारी कर रहे हैं। पीड़ित ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने उनकी बहन की हत्या कर दी है। मामले में एसपी ने उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

# शराब ठेका हटाने की मांग पर फूटा ग्रामीणों का आक्रोश




बाराबंकी। बाराबंकी जनपद के रामनगर थाना क्षेत्र के सूरतगंज ब्लॉक स्थित रानीगंज के अमराईगांव में देशी शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों और ग्रामीणों ने महादेवा-सूरतगंज मार्ग पर सड़क जाम कर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि आबादी और शिक्षण संस्थानों के निकट संचालित शराब की दुकान से क्षेत्र का सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है। बुधवार दोपहर शुरू हुए प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण शराब की दुकान के सामने बैठ गए और नारेबाजी करते हुए दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग करने लगे। सड़क जाम होने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब डेढ़ घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र पहले भी जहरीली शराब कांड जैसी गंभीर घटना का सामना कर चुका है। उनका कहना है कि रानीगंज शराब कांड में अमराईगांव, सेमराय, उमरी द्वितीय और कजियापुर सहित कई गांवों के 27 लोगों की मौत हुई थी। इसी वजह से ग्रामीण शराब की दुकानों को लेकर संवेदनशील हैं और लंबे समय से विरोध दर्ज कराते रहे हैं। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं का कहना था कि शराब की दुकान के आसपास अक्सर लोगों की भीड़ लगी रहती है, जिससे महिलाओं और छात्राओं को आवागमन में असुविधा होती है। ग्रामीणों के अनुसार दुकान के आसपास शिक्षण संस्थान भी संचालित हैं, इसलिए इसे आबादी से दूर स्थानांतरित किया जाना चाहिए। आशा देवी, रीना देवी, किरन, प्रीति, कमला देवी, सुनैना, काजल, राजरानी, माधुरी और सुनीता समेत कई महिलाओं ने बताया कि इस संबंध में पहले भी अधिकारियों को ज्ञापन और शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन समाधान नहीं हो सका। प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी मांगों को सुना। ग्रामीणों के अनुसार, उन्हें एक माह के भीतर दुकान के स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू कराने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया और यातायात सामान्य हो सका।

# पुलिस अधीक्षक ने गोष्ठी कर पेंशनर्स की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संबंधित को किया निर्देशित




बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी की गई जिसमें सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के सभी प्रकार की समस्याओं की जानकारी ली गई एवं त्वरित समाधान हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया एवं साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक किया गया। मौके पर क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार पाठक व प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार आदि मौजूद रहें।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार का किया गया आकस्मिक निरीक्षण




बहराइच। जिलाधिकारी बहराइच अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए ।अधिकारियों द्वारा कारागार परिसर का विस्तृत भ्रमण किया गया, जिसमें पुरुष बैरक, महिला बैरक, बंदी पाकशाला, क्रीड़ास्थल तथा अस्पताल वार्ड का निरीक्षण शामिल रहा। इस दौरान बंदियों की मूलभूत सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं एवं स्वच्छता व्यवस्था का विशेष रूप से जायजा लिया गया ।निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि कारागार का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा शातिर एवं संवेदनशील बंदियों पर सतत निगरानी रखी जाए। साथ ही बंदियों की गतिविधियों की समय-समय पर अद्यतन जानकारी उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए ।सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से समस्त सीसीटीवी कैमरों को निरंतर क्रियाशील रखने तथा जेल मैनुअल के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ।

# सपा ने बिजली कटौती, पेपर लीक पर किया प्रदर्शन



बहराइच। बहराइच में समाजवादी लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में बिजली कटौती और प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने के मामलों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट ने परिसर के अंदर नारेबाजी करने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बाहर बने धरना स्थल पर प्रदर्शन करने को कहा, यह स्पष्ट करते हुए कि परिसर के अंदर नारेबाजी या प्रदर्शन की अनुमति नहीं है। लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने जनपद में लगातार हो रही विद्युत कटौती और पेपर लीक की घटनाओं पर विरोध जताया। जिलाध्यक्ष नंदेश्वर यादव ने बताया कि उन्होंने जनसमस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा है। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन पर आपत्ति जताने पर भी टिप्पणी की। इस प्रदर्शन में मोबिन, आञ्जनेय बाजपेई, विद्याराम यादव, इरशाद अली, अन्नू गुप्ता, महबूब अली, सत्य प्रकाश, सुनील यादव सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया गौ सेवक का जन्मदिवस



बहराइच। गौ सेवक एवं समाज सेवी के रूप में विख्यात व सदस्य दूर संचार सलाहकार समिति भारत सरकार एवं गौ सेवा ट्रस्ट रजि.के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम पाठक के जन्मदिवस पर उनके पैतृक आवास पंडित पुरवा पयागपुर में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा,इससे पूर्व पाठक ने सुबह प्रसिद्ध क्षेत्रीय शिव मंदिर(खरगूपुर )बाबा पृथ्वी नाथ मंदिर में जल अर्पित कर शिव जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और आवास पर आने वाले लोगों का स्वागत कर शुभकामनाएं अर्जित की।

# पुलिस द्वारा डूब रहे बालक को बचाया गया



बहराइच। थाना रिसिया पुलिस त्वरित कार्यवाही से पानी में डूब रहे नाबालिक बच्चे को बचाया लिया गया ।मालूम हो कि थाना रिसिया पुलिस के क्षेत्र भ्रमण के दौरान सिंघापुरवा, दा0 बंगलाचक के निकट सड़क किनारे एक बालिका रोती हुई दिखाई दी ।जिस पर प्रभारी निरीक्षक थाना रिसिया करुणाकर पाण्डेय द्वारा रुककर जानकारी प्राप्त की गई, तो लगभगभ दस वर्षीय बालिका उम्र द्वारा बताया गया कि उसका आठ वर्षीय भाई सड़क किनारे पानी में डूब गया है ।सूचना प्राप्त होते ही पाण्डेय के नेतृत्व में हे0का0 देवेन्द्र यादव, रि0का0 सरवन, चौकी प्रभारी उ0नि0 बिहारी यादव तथा एक स्थानीय टेम्पो चालक द्वारा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारम्भ किया गया और बालक को पानी से बाहर निकाला गया ।जिसे तत्काल सरकारी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) रिसिया ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया गया। चिकित्सकों के द्वारा गया कि बालक की स्थिति अब खतरे से बाहर है ।बालक के माता-पिता दोनों जीवित नहीं हैं, इसलिए उनके रिश्तेदार को सूचित कर दिया गया है ।अस्पताल में बालक के उपचार एवं दवाओं का समस्त व्यय वहन करने की जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस द्वारा ली गई है।

# ब्लाक दिवस में सुनी गई जन समस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश




सिद्धौर, बाराबंकी। विकास खंड सिद्धौर ब्लाक मुख्यालय पर बुधवार को ब्लाक दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

ब्लाक दिवस की अध्यक्षता करते हुए खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और तय समय सीमा में शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ।इस दौरान ब्लाक के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा,मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.- 55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

# टीजीटी (प्रवक्ता) परीक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



**अयोध्या।** टीजीटी प्रवक्ता परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने एमएलएमएल इंटर कॉलेज रिकाबगंज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं विद्यालय प्रशासन से परीक्षा संबंधी तैयारियों की जानकारी प्राप्त की तथा सीसीटीवी कैमरों,सुरक्षा,पेयजल, परीक्षा कक्षों सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया।


जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखते हुए परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराई जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्णत: नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाएगा। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए।

# पूर्व जिपंस एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष रहे अखिलेश यादव के 70 वर्षीय पिता का निधन

**अयोध्या।** बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के दौलतपुर निवासी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य तथा पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष रहे अखिलेश यादव के 70 वर्षीय पिता त्रिवेणी यादव का बुधवार सुबह हृदयाघात (हार्ट अटैक) से निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने बताया कि बुधवार सुबह अचानक सांस लेने में परेशानी होने के कारण उनके पिता की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल शहर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां स्थिति गंभीर होने पर उन्हें मंडलीय चिकित्सालय दर्शननगर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।स्वर्गीय त्रिवेणी यादव का अंतिम संस्कार बुधवार अपराह्न लगभग 4 बजे गांव के समीप स्थित बाग में किया गया। उनके बड़े पुत्र अरविंद यादव ने मुखाग्नि दी। अपने पीछे वे पुत्र अरविंद यादव, अखिलेश यादव एवं दिनेश यादव सहित पुत्रियों तथा भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।अंतिम यात्रा में पूर्व मंत्री आनंदसेन यादव, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम दास वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह,वरिष्ठ सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप,पूर्व जिला पंचायत सदस्य साहब लाल यादव, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष पवन यादव, डॉ. राजेश यादव, अनिल यादव, रूदौली विधायक प्रतिनिधि कृष्ण सागर पाल, बीडीसी अरविंद यादव, पूर्व प्रधान देशराज यादव, प्रमोद यादव, दिलीप यादव,प्रधान रवि वर्मा सहित सैकड़ों



गणमान्य लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## आईटीआई में पीएमएनएएम मेले का आयोजन 8 को

**अयोध्या।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अयोध्या में 08 जून को प्रात: 10 से प्रधानामंत्री राष्टीय शिक्षुता मेला (पीएमएनएएम) मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे सरकारी व गैर सरकारी विभाग व अधिष्ठान हाई फ्लो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, त्रिभुवन इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के0 एम0 शुगर मिल अयोध्या, यश पेपर मिल आदि कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही है। कम्पनियो को आई0 टी0 आई0 पास प्रशिक्षार्थियों की आवश्यकता है उक्त कंपनी साक्षात्कार द्वारा अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिये अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी 08 जून को समयनुसार अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी छायाप्रति साथ लेकर उपस्थित हो । अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु जनपद की विभिन्न कम्पनियाँ विभिन्न व्यवसायों को शिशिक्षु प्रशिक्षण कराने हेतु प्रतिभाग कर रही है।

# संस्कृति, आस्था और अध्यात्म का अद्भुत संगम : अविरल गंगा नृत्य-नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति




**अयोध्या।** यश म्यूजिकल ट्रस्ट रंगमंडल, अयोध्या द्वारा संस्कृति, आस्था एवं अध्यात्म के पावन संगम को प्रदर्शित करती भव्य नृत्य-नाटिका अविरल गंगा का सफल आयोजन कुर्मांचल नगर स्थित सभागार, लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील कुमार विश्वकर्मा (कार्यक्रम अधिकारी, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद) तथा विशिष्ट अतिथि कमलेश कुमार पाठक पूर्व कार्यक्रम अधिकारी, संस्कृति विभाग, सेवानिवृत्त आयकर अधिकारी एवं डॉ करुणा पांडेय वरिष्ठ साहित्यकार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके पश्चात गणेश वंदना एवं देवी आराधना की मनोहारी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्था की अध्यक्षा संगीता आहूजा एवं कोषाध्यक्ष सुमिष्ठा मित्रा ने मुख्य अतिथि, अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सुनील कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि अविरल गंगा केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और जीवन मूल्यों का सशक्त संदेश है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी परंपराओं, संस्कारों और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने संस्था को इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की शुभकामनाएं दीं।

नृत्य-नाटिका में कलाकारों संगीता आहूजा, सुमिष्ठा मित्रा, विशाल गुप्ता, अरुण कुमार, अभय कुमार, आदित्य सिन्हा, सिम्मी कुमारी, साची द्विवेदी, दिशा गुप्ता, दिव्या सोनकर, देव कुमार, तोशी एवं यश ने प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की।

कार्यक्रम का कुशल संचालन पूरन सिंह जीना ने किया। प्रस्तुति के उपरांत सभी कलाकारों को प्रमाण-पत्र, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर संस्था की अध्यक्षा संगीता आहूजा ने सभी अतिथियों, कलाकारों, सहयोगियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

## दिव्यांगों की सहायता हेतु सहायता योजना

**अयोध्या।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में परिभाषित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं (मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रुग्ण दिव्यांगजन को छोड़कर) हेतु दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजनान्तर्गत निम्नलिखित परियोजनाओं/ कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु स्वैच्छिक संगठनों को सहायता अनुदान प्रदान किये जाने की व्यवस्था प्रदेश सरकार द्वारा की गयी है, जिसमें अर्ली इंटरवेंशन सेन्टर, डे केयर सेंटर/प्री-प्राइमरी स्कूल, प्राइमरी स्कूल स्तर तक के विद्यालयों का संचालन, जूनियर हाईस्कूल स्तर तक के विद्यालयों का संचालन, हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास (अधिकतम 04 ट्रेड तथा न्यूनतम 02 ट्रेड), पाठ्य सामग्री विकास एवं पुस्तकालयों का संचालन है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के अन्तर्गत पंजीकृत प्रदेश के स्वैच्छिक संगठन जो सम्बन्धित क्षेत्र में अनुभव तथा उक्त योजना हेतु पात्रता रखतें हो, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 की वेबसाईट https://uphwd.gov.in/ से प्रश्नगत योजना से सम्बन्धित कार्यकारी आदेश/दिशा-निर्देश व आवेदन पत्र का प्रारूप कर सकते है।

# डाकघर बीकापुर में डाक टिकट, पोस्टल आर्डर स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री व्यवस्था पूरी तरह ठप्प

## सरकारी बाबू कुछ बताने को तैयार नहीं

**बीकापुर, अयोध्या।** तहसील बीकापुर क्षेत्र के अंतर्गत डाकघर बीकापुर का आनलाइन डिजिटल इन्टरनेट विगत कई दिनों से खराब चल रहा है। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के चलते 45 डिग्री सेल्सियस तापमान को सहते हुए 15 से 20 किलोमीटर साइकिल चलाते हुए उपभोक्ता जब डाकघर पहुंच रहे हैं तो देखते हैं काउंटर नंबर 1, 2, 3, 4, पर कोई कर्मचारी बैठा ही नहीं है पूछे जाने पर बताते हैं सरवर नहीं चल रहा है। सरकारी टिकट लोगों को नहीं मिल रहा है । स्पीड पोस्ट सिस्टम बिगत कई दिनों से खराब पड़ा हुआ है। पूछे जाने पर उल्टा पब्लिक को ही डांटने लगते हैं। बीकापुर के पोस्टमास्टर अपने केबिन में बैठकर मोबाइल पर पता नहीं कहां बात करते रहते हैं और कुछ भी पूछो तो सर हिला देते हैं मुह से कुछ बोलते तक नहीं। विगत कई सप्ताह से काउंटर नंबर तीन पर रखे गए स्पीड पोस्ट रजिस्ट्री का सरकारी सिस्टम धूल खा रहा है। उस पर पड़ी धूल से यही अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह काफी दिनों से बंद पड़ा है। डाकघर के सरकारी बाबू कुर्सी पर बैठकर पंखे का हवा लेते हुए महीनो की सैलरी डकार रहे हैं और कुछ पूछने पर सही जानकारी देने को तैयार नहीं है। स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, पैसों की निकासी, आधार कार्ड बनाए जाने को लेकर क्षेत्र के लोगों कोई काम नहीं हो रहा है। डाकघर के उपभोक्ता और क्षेत्र के लोग इस चिलचिलाती धूप और उमश भरी गर्मी में पसीना बहाते हुए आते हैं और फिर उल्टे पांव वापस लौट जाते हैं। लापरवाह कर्मचारियों के सौतेला व्यवहार और फ़ेल सिस्टम को देखकर क्षेत्र के लोग और डाकघर के उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश और नाराजगी देखी जा रही है। डाकघर बीकापुर में पोस्टल आर्डर को देखे जमाना हो गया आंखें तरस गई । विगत कई महीनो से डाकघर बीकापुर में पोस्टल आर्डर कैसे होता है लोग उसकी शक्ल भूल गए हैं । लेकिन फिर भी सरकारी और कर्मचारी मस्त होकर सोशल मीडिया पर बिजी रहते हैं और रील वीडियो आगे पीछे स्क्रॉल करके अपना टाइम पास करते हैं। इस चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी में जब क्षेत्र के लोग अपना काम लेकर पसीना पोछते हुए डाकघर में प्रवेश करते हैं और कहते हैं साहब यह मेरा काम कर दो उनसे बताया जाता है की सरवर नहीं चल रहा है। मायूस होकर अपनी नाराजगी दिखाते हुए लोगों को उल्टे पांव वापस लौटना पड़ रहा है।

# शौंचालय केयरटेकर संगठन ने मानदेय की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



अयोध्या। शौचालय केयरटेकर के मानदेय की मांग को लेकर जन कल्याण केयर टेकर संगठन ने तिकुनिया पार्क में किया प्रदर्शन जिलाधिकारी के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसील सौंपा वही प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि केयर टेकरों का वेतन कई महीनो कई सालों से रुका हुआ है इससे पूर्व भी हम लोगों ने धरना किया था लेकिन अभी तक इन लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो पाया हमारी यह मांग है इन लोगों का जो वेतन बकाया है वह दिया जाए उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जब यह अपने मानदेय की मांग करती है तो इन्हें हटा दिया जाता है इन्हें हटाया ना जाए और इनका वेतन निजी खाते में दिया जाए वहीं महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सविता ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में जो केयरटेकर महिलाएं काम कर रही है इनको हर जिले में मानदेय को लेकर काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है क्योंकि इनका मानदेय समूह के खाते में आता है और उसका बंदर बाट हो जाता है इनका मानदेय काफी सालों से रुका हुआ है हमारे शासन प्रशासन से मांग है इनका जो सालों से रुका हुआ मानदेय है वह उनको दिया जाए और जो बंदर बाट हो रहा है उसको रोका जाए क्योंकि कोई कोई विधवा महिला है बहुत गरीब है वह अपना गुजारा कैसे करें प्रदर्शन में शीला पाल प्रभावती तारा कविता विमलेश सुशीला देवी लीलावती नीतू बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# पुलिस ने किया गश्त, त्यौहारों को लेकर अलर्ट



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर सुश्री प्राची सिंह अपर पुलिस अधीक्षक पूवी डॉक्टर तेजवीर सिंह सीओ आलापुर प्रदीप सिंहचंदेल के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र बहादुर सिंह आलापुर थाना क्षेत्र में थाना क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने आगामी त्यौहार त्यौहारों को शांतिपूर्वक करवाने के लिए अपनी टीम के साथ आगामी त्यौहारो को लेकर अलर्ट है कोतवाली आलापुर टीम ने कस्बा बाजार में पुलिस टीम के साथ कस्बा आलापुर बाजार कस्बा बाजार क्षेत्र में पैदल गस्त भ्रमण कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का व्यवस्था दिलाया कि थाना आलापुर पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने संदिग्धों को रोककर पूछताछ की गई सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस टीम के साथ नवागत प्रभारी निरीक्षक आलापुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने अपनी टीम के साथ आगामी त्यौहार त्यौहारों को शांतिपूर्वक करवाने के लिए आलापुर बाजार कस्बे में पैदल गस्त भ्रमण स्थानी लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया कि आलापुर पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार है वही प्रभारी निरीक्षक भीटी वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने संदिग्ध मोटरसाइकिल सवारों व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की कहां रोड पर बगैर कागज हैल्मेट चले तो होगी कार्यवाही वही प्रभारी निरीक्षक भीटी वीरेंद्र बहादुर सिंह ने जहां मौजूद स्थानीय लोगों से कहा कि यदि कोई चौराहे पर कम दिखाई पड़ता है तत्काल स्थानीय पुलिस सूचना दें यह प्रभारी निरीक्षक भीटी वीरेंद्र बहादुर सिंह हमको दे या हल्का प्रभारी को या सिपाही को इस दौरान आदि हमराही सिपाही पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# सोनू ताराचंद कैटर्स ने जैष्ठ मांह दूसरे दिन भंडारे का भव्य आयोजन



**अयोध्या।** अयोध्या के सिविल लाइन स्थित स्टेट बैंक के बगल मशहूर कैटर्स सोनू ताराचंद ने जैष्ठ माह के बड़े मंगलवार पर भंडारे का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर रिकाबगंज हनुमानगढ़ी के महंत शामिल हुए और उन्होंने पूजा पाठ के बाद हनुमान जी को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया। वही मशहूर कैटर्स सोनू ताराचंद अमित ताराचंद ने बताया कि जैष्ठ माह के मंगलवार को सभी भंडारा करते है पूरे जिले में भंडारा होता है हमने बुधवार को भंडारा किया है हालांकि हमने अन्य भंडारे की सामग्री मंगलवार को ही निकाल दी थी और आज बुधवार को भंडारा इसलिए करवाया ताकि ज्यादा से ज्यादा बजरंगबली के भक्त भंडारे में सम्मिलित हो और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर सके वही इस भंडारे में भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडी लस्सी आइसक्रीम और पूडी सब्जी हलवा का प्रसाद वितरण किया। जिसमें देखते ही देखते हजारों की भीड़ लग गई और लंबा जाम लग गया। और भारी संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया वही सोनू ताराचंद ने सभी को जेष्ठ माह के बड़े मंगलवार की बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहां की हनुमान जी सब पर अपनी कृपा बनाए रखें और सबका कल्याण करें। इस अवसर पर ताराचंद परिवार के व अन्य सम्मानित लोग और भक्तगण मौजूद रहे।

# एसपी ने दिवंगत कर्मचारी के परिजनों को सौंपा बीमा चेक

**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर द्वारा दिवंगत पुलिस कर्मचारी के परिजन को बीमा धनराशि का चेक प्रदान किया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग की कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा दिवंगत आरक्षी स्वर्गीय रविन्द्र यादव के आश्रित परिवार को भारतीय जीवन बीमा निगम, प्रयागराज द्वारा स्वीकृत 3,50,000/- (तीन लाख पचास हजार रुपये मात्र) की बीमा धनराशि का मल्टीचेक प्रदान किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा दिवंगत पुलिस कर्मी के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया गया।

पुलिस विभाग अपने कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के कल्याण हेतु सदैव प्रतिबद्ध है। आश्रित परिवार को हर संभव सहयोग एवं सहायता



का आश्वासन भी दिया।

पुलिस विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों को कठिन परिस्थितियों में आर्थिक एवं सामाजिक संबल प्रदान करना है, जिससे उनके हितों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह बने कृषि विवि के नए कुलपति

**अयोध्या।** प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में राजभवन द्वारा जारी किए गए पूर्व के नियुक्ति आदेश को बहाल रखते हुए डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौ ?द्योगिक विश्वविद्यालय अयोध्या का कुलपति नियुक्ति किया है। इस संबंध में राजभवन की तरफ से मंगलवार को ही आदेश जारी कर दिया गया है। डॉ सिंह राष्ट्रीय पादप आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो, आई.सी.ए.आर नई दिल्ली एवं भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल के पूर्व निदेशक के प्रतिष्ठित पद पर कार्य कर चुके हैं। पूर्व में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कृषि विज्ञान संस्थान बीएचयू वाराणसी के निदेशक रहे विश्व विख्यात वैज्ञानिक स्व. डा. महातिम सिंह के पुत्र हैं जो मूल रूप से गाजीपुर जिले के ग्राम उधरन के निवासी हैं। कुलपति नियुक्त किए जाने पर उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता/वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रोफेसर ओ.पी. राव ने बधाई दी है। मीडिया प्रभारी



आशुतोष सिंह ने बताया कि नवनियुक्त कुलपति संभवत: आज कृषि विश्वविद्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं। कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को हाल ही में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने हाथों राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया। वे अपने करियर में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां बटोर कर देश का नाम रोशन कर चुके हैं। उन्हें व्हीट मैन ऑफ इंडिया के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने गेहूं की 60 प्रजातियां विकसित की हैं जिसमें 10 जैव किश्में शामिल हैं। जौ की तीन एवं आलू की एक प्रजाति विकसित करने में सफलता हासिल की है। वे देशभर में वैज्ञानिक एवं शिक्षण कर्मियों की भर्ती के लिए कई चयन समितियों और राज्य चयन बोर्डों में शामिल रहे हैं।

## रहेंगे हल्के बादल वर्षा नहीं

अयोध्या। आचार्य नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्व विद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के बादल छाए रहने एवं वर्षा नहीं होने की संभावना है। हवा सामान्य गति से पूर्वी व पश्चिमी चलने की संभावना है।श्री मिश्र के अनुसार बुद्धवार का अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री जो सामान्य से 0.9 डिग्री कम रहा जबकि न्यूनतम तापमान 27.0 डिग्री यह सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 82 व न्यूनतम 46 प्रतिशत रही। 2.2 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से दक्षिणी-पश्चिमी दिशा से हवाएं चली।

## सारंगापुर में गाजे-बाजे के साथ निकली विसर्जन यात्रा

**सोहावल-अयोध्या।** विगत दस दिन से सोहावल तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सारंगापुर स्थित रामलीला मैदान में महाविराट विष्णु यज्ञ और संगीतमयी भागवत कथा की भक्ति भावना से मची गूंज का समापन हुआ। मंगलवार को यज्ञ मंडप में यजमानों का हवन करने के लिए मेला लग गया। ग्यारह आचार्यो द्वारा हवन कार्यक्रम के उपरांत कथा वाचक उज्वल कृष्ण शास्त्री की अगुवाई एवं मुख्य यजमान प्रदीप सिंह के माध्यम से विशाल भंडारा हुआ। कथा व्यास शास्त्री द्वारा पूर्व घोषित सुबह विसर्जन यात्रा निकाली गयी। यात्रा में नारी शक्तियों का हुजुम गांव के सभी मंदिरों में राम नाम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा । ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पर भक्तों को जलपान कराने की व्यवस्था रही। तत्पश्चात दस दिन और रात को काम करने वाले कार्यकर्ताओं को भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सेवादारों में डा. तेज बहादुर सिंह,समर सिंह, नेमी चंद गुप्ता, ओम प्रकाश सिंह, राधे श्याम सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मिट्टी खुदाई को लेकर विवाद, कहासुनी में चाचा ने भतीजे पर चलाई गोली

**अम्बेडकर नगर।** महरूआ थाना क्षेत्र के सिलावट गांव में मिट्टी की खुदाई को लेकर हुए विवाद में फिलहाल पुलिस अभी खाली हाथ है। पीड़ित के पिता ने जान माल की सुरक्षा तथाअभियुक्तों के गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। महरुआ थाना क्षेत्र के सिलावट गांव में रविवार की रात करीब 11बजे उस समय गंभीर रूप ले लिया, जब चाचा ने अपने ही भतीजे पर गोली चला दी। गोली भतीजे के बाएं हाथ में लगी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। सिलावट गांव में मिट्टी की खुदाई को लेकर चाचा जिलेदार सिंह और उनके भतीजे शुभम सिंह उर्फ आशुतोष प्रताप सिंह के बीच रविवार की रात करीब 11 बजे कहासुनी हो गई थी। विवाद बढ़ने पर आरोप है, कि जिलेदार सिंह ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली शुभम सिंह उर्फ आशुतोष प्रताप सिंह के बाएं हाथ में लगी, जिससे वह घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायल, युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया था, अब युवक की हालत बेहतर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना अध्यक्ष महेंद्र सरोज का कहना है, कि मामले की गहन जांच की जा रही है। शीघ्र ही अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना को लेकर गांव में अब माहौल सामान्य है, हालांकि पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री नाजिया आयु लगभग 18 वर्ष ने अपनी मर्जी से कलीम नामक व्यक्ति निवासी मुमताजनगर जनपद अयोध्या से निकाह कर लिया है और उसी के साथ रह रही है। वह मेरे-कहने सुनने में नहीं है जिस कारण मेरा अब मेरी पुत्री नाजिया से कोई सम्बन्ध नहीं है। वह अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा उसके कृत्यों से कोई सम्बन्ध नहीं है तथा पुत्री नाजिया का सम्पत्ति आदि से कोई सम्बन्ध नहीं है। मैंने उसे सम्बन्धों व सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है।

**सूचनाकर्ता-आजाद पुत्र कलीम**

**मकान नं-7/11/14 नेवातीपुरा जनौरा रोड थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या**



## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान तृतीय सिविल जज सी.डि. अयोध्या

मूलवाद संख्या - 627/25

तारीख पेशी- 01.08.2026

श्रीमती शैलेन्द्र सिंह............वादिनी

बनाम

अखण्ड प्रताप सिंह आदि.... प्रतिवादीगण

बनाम-1.अखण्ड प्रताप सिंह पुत्र राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम मऊयदुवंशपुर परगना हवेली अवध तहसील सोहावल जिला अयोध्या 2.केएम साइंटिफिक रिसर्च सेंटर मोतीबाग मसौधा परगना हवेली अवध तहसील सोहावल जिला अयोध्या द्वारा डायरेक्टर संजय कुमार झुनझुनवाला.....प्रतिवादीगण

हरगाह वादी... ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आप को हुक्म होता है कि आप बतारीख 01 माह 08 सन् 2025 ई. वक्त 10.00 बजे दिन के असालतन या मार्फत के वकील के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया हो और कुछ शख्स हो कि जबाब ऐसे सवालात का जबाब दें सके हाजिर हो जबाब देही का दावा करे और आप को लाजिम है कि राज जुमला है दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आप को इत्तिला दी जाती है कि अगर बरीज मजकुर और हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर लजमूअ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत ओर मोहर अदालत के आज तारीख 30 माह 05 सन् 2025 को जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

# तरुणमित्र

**गुरूवार, 04 जून 2026**

संवत- 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष.- 04

## बयानबाजी सोच समझ कर

*नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह द्वारा नेपाली संसद में भारत-नेपाल सीमा विवाद पर दिया गया बयान कूटनीतिक असावधानी का परिचायक है। उनका यह दावा कि नेपाल ने भी भारतीय भूमि पर अतिक्रमण किया है, नेपाल के भीतर ही तीव्र विरोध का कारण बन गया है। ऐतिहासिक तथ्यों और आधिकारिक रेकॉर्ड के अभाव में देश के शीर्ष पद से ऐसा अपरिपक्व बयान आना काठमांडू की कूटनीतिक साख को ठेस पहुंचाता है, जिसका खामियाजा अंततः द्विपक्षीय वार्ताओं को भुगतना पड़ सकता है। सबसे चिंताजनक पहलू सीमा विवाद के समाधान के लिए तीसरे पक्ष को घसीटने का अव्यावहारिक सुझाव है। सुगौली संधि के संदर्भों का हवाला देकर ब्रिटेन को शामिल करने की मांग तो अतार्किक है ही, परंतु इस कूटनीतिक विमर्श में चीन को पक्षकार बनाने की कोशिश क्षेत्रीय भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की आशंकाएं पैदा करती है। लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा पूरी तरह से भारत और नेपाल के बीच का द्विपक्षीय मामला है।*

*इस संवेदनशील त्रिकोणीय जंक्शन पर चीन की मौजूदगी को आमंत्रित करने या उसे महत्त्व देने की कोशिश कर प्रधानमंत्री बालेन ने परोक्ष रूप से भारत के ऐतिहासिक सहयोग और सुरक्षा चिंताओं को कमतर आंकने का प्रयास किया है। भारत अपनी सीमाओं से जुड़े मामलों में किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को पूरी तरह खारिज करता आया है। सामरिक दृष्टि से संवेदनशील इस हिमालयी क्षेत्र में भारत विरोधी तत्वों या विस्तारवादी शक्तियों को परोक्ष बढ़ावा देना स्वयं नेपाल के दीर्घकालिक हितों के प्रतिकूल हो सकता है। भारत ने हमेशा नेपाल की संप्रभुता का सम्मान करते हुए एक बड़े भाई और विश्वसनीय सहयोगी की भूमिका निभाई है, चाहे वह बुनियादी ढांचे का विकास हो या आपदा के समय दी गई मदद। ऐसे में किसी तीसरे देश के भू-राजनीतिक कार्ड के मोहरे के रूप में कूटनीति का संचालन करना न केवल दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास को कमजोर करता है, बल्कि दक्षिण एशिया की क्षेत्रीय स्थिरता को भी खतरे में डालता है। भारत-नेपाल के संबंध केवल राजनीतिक संधियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये 'रोटी-बेटी' के गहरे सांस्कृतिक और आर्थिक ताने-बाने से जुड़े हैं। ऐसे में अतीत के औपनिवेशिक शासकों या अन्य क्षेत्रीय ताकतों को मेज पर बुलाना जमीनी हकीकत से परे है। नेपाल के विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई सफाई और वहां के विशेषज्ञों, पूर्व राजदूतों तथा विपक्ष द्वारा जताई गई आपत्ति यह स्पष्ट करती है कि सीमा प्रबंधन जैसी जटिल समस्याओं का समाधान सार्वजनिक मंचों पर अनावश्यक बयानबाजी से नहीं, बल्कि कूटनीतिक माध्यमों से ही संभव है। आपसी विश्वास और निरंतर द्विपक्षीय संवाद से ही सीमा के लंबित मुद्दों को सुलझाया जा सकता है। भारत ने दोनों राष्ट्रों के साझा विकास के लिए यह मंशा पहले ही प्रकट कर दी है।*

## ...आज का दिन...

**मेष**- साहसिक प्रयास, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, परोपकार की भावना जागृत, उत्साह में वृद्धि, जिम्मेदारियों हेतु व्यय, जीवन में सुख शांति, हर्ष भी।

**वृषभ**- निराशा की स्थिति, परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, सहयोगियों से विवाद की आशंका, नवीन समस्याएँ प्रभावी, यात्रा से हानि।

**मिथुन**- आकस्मिक लाभ का सिलसिला, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, जीवन साथी का सानिध्य, समस्याओं का समाधान।

**कर्क**- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, पारिवारिक परेशानियों में कमी, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, प्रेम सम्बन्धों में अनुकूलता, आपसी सौहार्द, उन्नति का सिलसिला।

**सिंह**- दिनचर्या व्यवस्थित, प्रियजनों मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, संत समागम, मेल मिलाप में रुचि, आपसी वैमनस्यता में कमी, धर्म-अध्यात्म में रुचि।

**कन्या**- लाभ में कमी का एहसास, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, स्वजनों से मतभेद, यात्रा में परेशानी, अकेलेपन की अनुभूति।

**तुला**- निराशा का समापन, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, विपरीत परिस्थितियों पर विजय, व्यापार में धन निवेश, कार्यक्षमता में वृद्धि।

**वृश्चिक**- कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, स्वास्थ्य सुधार पर, प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

**धनु**- योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, परिवार में सुख-शांति का वातावरण, प्रतियोगिता में सफलता।

**मकर**- कार्यों में असफलता, व्यापारिक हानि, शारीरिक सुख में बाधा, वैचारिक स्थिरता का अभाव, स्वजनों से तनाव, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका।

**कुम्भ**- स्वास्थ्य सुधार पर, मनोनुकूल कार्य में अनुकूलता, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, चित्त प्रफुल्लित।

**मीन**- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, कार्यों के प्रति प्रगति की दिशा में प्रयास सार्थक, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, राजनीतिक क्रियाकलापों से प्रतिष्ठा में वृद्धि।


**-: श्री विमल जैन :-**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन

भोजूबीर, वाराणसी-221002 ( उ0प्र0 )- मो0:-09335414722


# दो कौड़ी कहने वाली जुबान और करोड़ों भाग्य बदलने वाले हाथ



*- प्रो. आरके जैन "अरिजीत" -*

भारतीय शिक्षा जगत में यह शायद ही पहले कभी देखने को मिला हो कि एक टीवी स्टूडियो में कही गई टिप्पणी इतनी तेज़ी से राष्ट्रीय बहस का विषय बन जाए। लेकिन जब वरिष्ठ एंकर अंजना ओम कश्यप ने नीट पेपर लीक पर चर्चा के दौरान यूट्यूब शिक्षकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि "एक्सप्लेनर बनाते हैं, जानते कुछ नहीं" और उन्हें "दो कौड़ी के यूट्यूब गुरु" तक कह दिया, तो यह सिर्फ एक टीवी बहस नहीं रही। यह बयान देखते ही देखते "ब्लैकबोर्ड पर ब्रेकिंग न्यूज़" बन गया। वास्तव में, यह डिजिटल शिक्षा की बढ़ती ताकत के सामने मुख्यधारा मीडिया की असहजता को उजागर करता है। अंजना का यह हमला तथ्यों से अधिक पूर्वाग्रह का प्रतीक प्रतीत होता है।

जब लाखों छात्रों का भरोसा किसी मंच से जुड़ जाए, तो उस पर उठी उंगली केवल व्यक्तियों पर नहीं, पूरी व्यवस्था पर सवाल बन जाती है। अंजना ओम कश्यप की इस टिप्पणी को खान सर, अभिनय शर्मा जैसे लोकप्रिय यूट्यूब शिक्षकों पर भी लागू माना गया।

उन्होंने कुछ डिजिटल शिक्षकों को 'बड़ा फ्रॉड' तक कह दिया। यह टिप्पणी ऐसे समय आई, जब लाखों छात्र ऑनलाइन शिक्षा के सहारे अपने सपने संवार रहे हैं। इसलिए इसे केवल कुछ शिक्षकों पर नहीं, बल्कि पूरे डिजिटल शिक्षा जगत की साख पर प्रहार माना गया। सवाल है, क्या यह आलोचना तथ्यों पर आधारित है या महज़ सुर्खियाँ बटोरने की कोशिश? क्या कुछ अपवादों के आधार पर पूरे समुदाय को कटघरे में खड़ा करना उचित है? शोर और आरोपों से परे, किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन उसके परिणामों से होता है। पिछले एक दशक में यूट्यूब आधारित शिक्षा ने लाखों छात्रों तक ज्ञान पहुँचाया, जिनकी पहुँच महंगी कोचिंग तक नहीं थी। खान सर और अभिनय शर्मा जैसे शिक्षकों ने दूर-दराज़ क्षेत्रों के युवाओं को अवसर, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास दिया। इनके पक्ष में सबसे बड़ा प्रमाण लाखों सफल छात्र हैं। यदि ये "कुछ नहीं जानते", तो यह सफलता कैसे संभव हुई? हालाँकि कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन उनसे पूरे योगदान को नकारा नहीं जा सकता। अंजना जी, यह आरोप केवल शिक्षकों पर नहीं, उनके समर्पण और मेहनत पर भी सवाल उठाता है।

जब दुनिया थम-सी गई थी और शिक्षा के पारंपरिक रास्ते बंद हो गए थे, तब डिजिटल मंचों ने सीखने की लौ बुझने नहीं दी। कोविड महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षक लाखों विद्यार्थियों के लिए सहारा बने। स्कूलों और कक्षाओं के बंद रहने पर मोबाइल और इंटरनेट के जरिए शिक्षा घर-घर पहुँची। जहाँ कई कोचिंग संस्थानों की फीस लाखों रुपये तक है, वहीं अनेक यूट्यूब शिक्षक मुफ्त या कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते रहे। डिजिटल प्लेटफॉर्म ने शिक्षा को सीमित दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुँचाया है। ऐसे योगदान को अनदेखा कर पूरे समुदाय को फ्रॉड बताना न केवल अनुचित, बल्कि एकतरफा दृष्टिकोण भी है।

हालाँकि कुछ चैनलों में क्लिकबेट, भ्रामक थंबनेल और पेड कोर्स की आक्रामक मार्केटिंग जैसी समस्याएँ भी मौजूद हैं। विवाद के बीच शिक्षकों की प्रतिक्रिया ने अंजना के आरोपों पर नए सवाल खड़े कर दिए। अभिनय सर और खान सर जैसे शिक्षकों ने कहा कि उनका काम छात्रों का भविष्य संवारना है, न कि सनसनी फैलाना। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई उन्हें ज्ञानहीन सिद्ध कर दे, तो वे सीखने को तैयार हैं, लेकिन निराधार आरोप स्वीकार्य नहीं हैं। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर छात्रों ने भी खुलकर उनका समर्थन किया। हजारों प्रतिक्रियाओं में छात्रों ने बताया कि इन शिक्षकों ने शिक्षा को महंगे दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुंचाया है। ऐसे में "दो कौड़ी" जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन लाखों छात्रों और परिवारों के विश्वास पर भी चोट करती है, जो उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते हैं।

इस प्रकरण ने मुख्यधारा मीडिया की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े किए हैं। जब यूट्यूब शिक्षक नीट लीक, सीबीएसई विवादों और शिक्षा व्यवस्था की खामियों पर आवाज उठाते हैं, तो उन्हें फ्रॉड कहकर खारिज कर दिया जाता है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या टीवी एंकर हर विषय के अंतिम विशेषज्ञ हैं? यदि डिजिटल मंचों की विश्वसनीयता पर संदेह किया जाता है, तो टीआरपी-केंद्रित बहसों की निष्पक्षता भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। अंजना ओम कश्यप का बयान इसी विरोधाभास को उजागर करता है। एक ओर डिजिटल शिक्षक शिक्षा की पहुंच बढ़ा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके योगदान पर संदेह जताया जा रहा है। डिजिटल शिक्षा जगत भी कमियों से पूरी तरह अछूता नहीं है। कुछ यूट्यूब चैनलों पर क्लिकबेट और भ्रामक जानकारी की समस्या मौजूद है, जिसकी आलोचना और जवाबदेही आवश्यक है। कुछ टीचर्स पर पेपर लीक या गलत मार्गदर्शन के आरोप भी लगते रहे हैं। लेकिन कुछ उदाहरणों के आधार पर पूरे समुदाय को "फ्रॉड" या "दो कौड़ी का" कहना उचित नहीं। शिक्षा में गुणवत्ता जरूरी है, पर उसके नाम पर पूरे आंदोलन को अपमानित नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन तथ्यों और परिणामों से होना चाहिए, न कि अपमानजनक टिप्पणियों से। अंजना का बयान इसी अतिसामान्यीकरण की मिसाल प्रतीत होता है।

वस्तुत:, इस पूरे विवाद का केंद्र कोई एंकर या शिक्षक नहीं, बल्कि शिक्षा का बदलता परिदृश्य है। आज करोड़ों छात्र सीमित संसाधनों के बीच डिजिटल मंचों के सहारे अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। ऐसे में मुख्यधारा मीडिया और डिजिटल शिक्षा जगत, दोनों से संतुलन, जवाबदेही और संवाद की अपेक्षा है। किसी शिक्षक का मूल्यांकन आरोपों या उपहास से नहीं, बल्कि उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों से होना चाहिए। "दो कौड़ी के गुरु" जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन करोड़ों छात्रों के विश्वास और आकांक्षाओं पर भी आघात है; ऐसे में संबंधित टिप्पणी पर पुनर्विचार और खेद की अपेक्षा स्वाभाविक है। शिक्षा राष्ट्र की नींव है; इसलिए इस पर विमर्श पूर्वाग्रह नहीं, तथ्यों और सम्मान के आधार पर होना चाहिए।

# कौड़ी का कमाल...

*- पवन वर्मा -*

कभी भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे छोटी इकाइयों में गिनी जाने वाली कौड़ी इन मध्य प्रदेश की राजनीति के साथ ही न्यूज़ एंकर और यू ट्यूबर्स के बीच धमाल और कमाल कर रही है। यह वही कौड़ी है, जिसे लेकर सदियों से कहावतें बनती रहीं, मुहावरे गढ़े जाते रहे और लोगों की हैसियत का आकलन तक किया जाता रहा। आधुनिक भारत में उसकी हालत ऐसी हो गई थी कि नई पीढ़ी के अधिकांश लोग यह तक नहीं जानते थे कि कौड़ी आखिर होती क्या है।

बहुत युवाओं और बच्चों को तो यह किसी कार्टून पात्र का नाम लगती थी और कुछ इसे किसी समुद्री जीव का खोल भर समझते थे। अब आप कमाल देखिए। जिस कौड़ी को इतिहास की धूल ने ढक दिया था, जिसे संग्रहालयों और लोककथाओं में जगह मिली थी, वही कौड़ी अचानक राष्ट्रीय विमर्श- बहस और राजनीति में टकराहट का हिस्सा बन गई। टीवी चैनलों की बहसों में उसका नाम गूंजने लगा, राजनीतिक मंचों पर उसका उल्लेख होने लगा और सोशल मीडिया पर उसकी ऐसी वापसी हुई कि लगता है मानो भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही "कौड़ी श्रृंखला" के नए नोट जारी करने वाला हो। कौड़ी शायद अपने जीवन में पहली बार इतनी खुश होगी। वह सोच रही होगी कि जब मैं सचमुच चलन में थी, तब भी लोगों ने मुझे इतना सम्मान नहीं दिया था, जितना आज मेरे नाम पर बहस करके दे रहे हैं। एक समय था जब किसी को अपमानित करना हो तो कहा जाता था "तुम्हारी तो कौड़ी भर कीमत नहीं है।" किसी वस्तु का मूल्य कम बताना हो तो कहा जाता था, "यह तो कौड़ी के भाव बिक रही है।" किसी की आर्थिक स्थिति खराब हो तो लोग कहते थे "इसके पास फूटी कौड़ी भी नहीं है। "बेचारी कौड़ी ने सदियों तक अपमान का यह बोझ ढोया।

किसी ने यह नहीं कहा कि "तुम करोड़ों की कीमत के हो" या "तुम सोने के भाव बिक रहे हो"। नकारात्मक उदाहरण देना हो तो हर बार बेचारी कौड़ी को ही आगे कर दिया जाता था। कौड़ी भारतीय भाषाओं में शायद सबसे अधिक बदनाम मुद्रा रही है।

इतिहासकार बताते हैं कि कभी भारत, चीन और अफ्रीका के अनेक हिस्सों में कौड़ियों का उपयोग मुद्रा के रूप में होता था। समुद्र से निकलने वाली छोटी-छोटी कौड़ियों से व्यापार होता था। लेन-देन में इनका इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन समय बदला, सिक्के आए, फिर कागजी नोट आए और बाद में डिजिटल भुगतान का युग आ गया। यूपीआई के इस दौर में कौड़ी की स्थिति वैसी हो गई थी जैसी पुराने जमाने के टेलीफोन बूथ की है। लोग उसे जानते तो थे, लेकिन उपयोग कोई नहीं करता था। फिर अचानक इन दिनों उसकी किस्मत बदल दी। अब हालात ऐसे हैं कि अगर कौड़ी का कोई जनसंपर्क अधिकारी होता तो वह प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहता, "हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वर्षों की उपेक्षा के बाद कौड़ी ब्रांड ने भारतीय सार्वजनिक जीवन में सफल वापसी की है।"

सोचिए, सदियों से चुपचाप संग्रहालयों में पड़ी कौड़ियां अचानक जागी होंगी और एक-दूसरे से पूछ रही होंगी...

"बहन, यह बाहर इतना शोर-शराबा किस बात का है?"

दूसरी कौड़ी जवाब देती है...

"लगता है फिर से हमारा जमाना आ गया है।"

पहली कौड़ी आश्चर्य से पूछती, "क्या बैंक ने हमें चलन में ला दिया?"

दूसरी कहती,

"नहीं, राजनीति और न्यूज़ एंकर ने हमें चलन में ला दिया है।"

राजनीति में वैसे भी पुरानी चीजों को पुनर्जीवित करने की अद्भुत क्षमता होती है। कभी इतिहास के नायकों की चर्चा होती है, कभी पुराने नारों की वापसी होती है और कभी-कभी तो ऐसे शब्द भी वापस आ जाते हैं जिन्हें भाषा-विज्ञानियों ने लगभग मृत घोषित कर दिया था। कौड़ी उन्हीं शब्दों में से एक है।

सोशल मीडिया पर अब स्थिति यह है कि लोग अर्थशास्त्र नहीं पढ़ रहे, बल्कि कौड़ीशास्त्र पढ़ रहे हैं। गूगल पर खोज हो रही है। "कौड़ी का इतिहास", "एक कौड़ी की कीमत कितनी थी?","कौड़ी और शंख में क्या अंतर है?",

"फूटी कौड़ी आखिर होती क्या है?"

संभव है कि आने वाले दिनों में किसी विश्वविद्यालय का शोधार्थी पीएचडी का विषय चुन ले "इक्कीसवीं सदी के भारतीय राजनीतिक विमर्श में कौड़ी का पुनर्जागरण- कारण, प्रभाव और संभावनाएं"। शोध के दौरान उसे पता चलेगा कि कौड़ी ने वह लोकप्रियता हासिल कर ली थी, जिसके लिए कई नेता, न्यूज़ एंकर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर वर्षों मेहनत करते हैं। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे अधिक परेशानी अर्थशास्त्रियों को हो रही होगी। उन्होंने वर्षों तक मुद्रा प्रणाली पर शोध किया, वित्तीय समावेशन पर लेख लिखे, डिजिटल भुगतान पर संगोष्ठियां आयोजित कीं, लेकिन जनता अचानक कौड़ी पर चर्चा करने लगी। उधर संग्रहालयों के कर्मचारी भी हैरान होंगे। जिन वस्तुओं को देखने महीनों कोई नहीं आता था, अब लोग पूछ रहे होंगे कि "कौड़ी वाला सेक्शन कहाँ है?"

पर्यटन विभाग चाहे तो "कौड़ी दर्शन यात्रा" शुरू कर सकता है। स्कूलों की पाठ्यपुस्तकों में भी संशोधन संभव है। इतिहास की किताब में नया अध्याय जोड़ा जा सकता है,

"कौड़ी- प्राचीन मुद्रा से आधुनिक बहस तक।" बच्चे परीक्षा में उत्तर लिखेंगे... "कौड़ी एक प्राचीन मुद्रा थी, जिसे आधुनिक राजनीति और न्यूज़ एंकर ने पुन: लोकप्रिय बनाया।" तब परीक्षक भी शायद मुस्कुरा देंगे। सबसे मजेदार स्थिति भाषा विशेषज्ञों की होगी। वे वर्षों से छात्रों को मुहावरों का अर्थ समझाते रहे हैं। अब उन्हें मुहावरों के साथ समसामयिक संदर्भ भी बताने पड़ेंगे।

"दो कौड़ी के भाव" का अर्थ केवल सस्ता नहीं रहेगा, बल्कि "राष्ट्रीय चर्चा का विषय" भी माना जा सकता है।अगर यही रफ्तार रही तो भविष्य में कोई स्टार्टअप "कौड़ीकॉइन" नाम की डिजिटल मुद्रा भी लॉन्च कर सकता है। निवेशक पूछेंगे कि "इसका आधार क्या है?"

जवाब मिलेगा

"जनभावना और राजनीतिक लोकप्रियता।"

और यदि किसी दिन शेयर बाजार में "कौड़ी इंडेक्स" बन गया तो आश्चर्य मत कीजिएगा। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा सबक यही है कि सार्वजनिक जीवन में कोई भी चीज कभी पूरी तरह समाप्त नहीं होती। शब्द, प्रतीक, मुहावरे और यादें समय-समय पर नए रूप में लौटते रहते हैं। कभी वे साहित्य में लौटते हैं, कभी फिल्मों में, कभी बुद्धू बक्से पर और कभी राजनीति में,तो अब कौड़ी भी लौट आई है।

वह अब इतिहास की अलमारी से निकलकर सार्वजनिक बहस के मंच पर आ खड़ी हुई है। सदियों तक उपेक्षा सहने वाली यह छोटी-सी वस्तु आज शायद मुस्कुराकर कह रही होगी कि "जब मैं मुद्रा थी, तब लोगों ने मुझे कम आंका। जब मैं चलन से बाहर हुई, तब मुझे भुला दिया। अब देखो, आज पूरे देश में मेरी चर्चा हो रही है।"

और सच पूछिए तो यह कौड़ी की नहीं, भारतीय लोकतंत्र की भी खूबी है। यहां कभी-कभी ऐसी चीजें भी सुर्खियों में आ जाती हैं, जिनके बारे में लोगों ने वर्षों से सोचा तक नहीं होता इसलिए अगली बार कोई आपसे कहे कि उसके पास फूटी कौड़ी नहीं है, या आप दो कौड़ी के हो तो उसे हल्के में मत लीजिए,हो सकता है वह अनजाने में उस वस्तु का नाम ले रहा हो, जो इन दिनों रुपये, डॉलर और बिटकॉइन से भी ज्यादा चर्चा बटोर रही है। क्योंकि इस समय देश में यदि किसी मुद्रा की सबसे अधिक राजनीतिक और भाषाई वैल्यू है, तो वह शायद दो कौड़ी ही है।

( विनायक फीचर्स )

# चंदौली

## डीडीयू मंडल में सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को प्रदान किया गया समापक भुगतान



**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** डीडीयू मंडल में माह मई-2026 में सेवानिवृत्त होने वाले रेलकर्मियों को समापक भुगतान का आयोजन इंडियन इंस्टीट्यूट कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा डीडीयू मंडल के कुल 27 सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को उनके समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित विभिन्न मदों में कुल 14,02,71,122/- का समापक भुगतान सौंपा गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं उनके परिजनों का स्वागत किया गया तथा समापक भुगतान से संबंधित विभिन्न देयों एवं प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर वित्तीय प्रबंधन, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, डिजिटल सुरक्षा तथा सेवानिवृत्ति उपरांत उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के संबंध में भी उपयोगी जानकारी साझा की गई। अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने सभी सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उत्तम स्वास्थ्य, संतुलित वित्तीय प्रबंधन तथा परिवार एवं समाज के साथ सक्रिय एवं सार्थक जीवन व्यतीत करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि डीडीयू मंडल की विभिन्न उपलब्धियों एवं सफलताओं में सेवानिवृत्त हो रहे रेलकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसके लिए मंडल सदैव उनका आभारी रहेगा।

समारोह में वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी नीरज कुमार, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक प्रिंस कुमार, मंडल के विभिन्न शाखा अधिकारी, मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशनों के प्रतिनिधि, रेलकर्मी तथा उनके परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति भी आयोजित की गई।

## जीटीआर पुल के पास 42 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जनपद में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अलीनगर पुलिस ने मंगलवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 42.03 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है।

बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 60 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अलीनगर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में शराब लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सुबह करीब 9:15 बजे जीटीआर पुल के पास घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम पंकज जायसवाल पुत्र कृष्णा प्रसाद जायसवाल, निवासी वेस्टर्न बाजार गल्ला मंडी, मुगलसराय, जनपद चंदौली बताया। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद तीन बैगों से कुल 42.03 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। तीन बैगों में भरी थी शराब- पुलिस के अनुसार एक बैग से 96 अदद 8 पीएम टेट्रा पैक (180 एमएल), दूसरे बैग से 48 अदद रॉयल स्टैग (375 एमएल) तथा तीसरे बैग से 9 अदद रॉयल स्टैग (750 एमएल) बरामद की गई।

इसके अतिरिक्त आरोपी की जेब से 700 रुपये नकद भी मिले। परिवार के भरण-पोषण के लिए करता था तस्करी- पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अवैध शराब खरीदकर ऊंचे दामों पर बेचता था। इससे होने वाली आय से वह अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मुकदमा दर्ज, कार्रवाई जारी- अलीनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा संख्या 337/2026 दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

## विधायक के अथक प्रयास से मुगलसराय तहसील बनाने का सपना साकार



**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** जिले के मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा महेवा में प्रस्तावित नए तहसील भवन के निर्माण को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। स्थानीय विधायक रमेश जायसवाल ने सोमवार को राजस्व विभाग के उच्चाधिकारियों की टीम के साथ चिन्हित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सम्मानित जनता और अधिवक्ता साथियों की लंबे समय से अलग तहसील भवन बनाने की मांग चल रही थी, जिसे पूरा करने की दिशा में अब एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। विधायक ने परियोजना की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि चुनाव जीतने के बाद से ही उन्होंने इस जनहित की मांग को गंभीरता से लिया और सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष मजबूती से रखा। इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर तेजी से कार्रवाई शुरू हुई और महेवा गांव में लगभग एक हेक्टेयर भूमि तहसील निर्माण के लिए अंतिम रूप से चिन्हित की गई। प्रस्तावित तहसील भवन का निर्माण ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल (दो मंजिला) सहित पूरी तरह आधुनिक तकनीक से किया जाएगा, जिसकी कुल अनुमानित लागत 12.50 करोड़ रुपये तय की गई है।

तहसील परिसर के लिए चिन्हित की गई जमीन में अधिकांश हिस्सा सरकारी भूमि का है, जबकि शेष बची निजी भूमि का नियमानुसार अधिग्रहण किया जाएगा। इस भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से पूरा करने के लिए शासन स्तर से करीब ढाई करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। भवन निर्माण की मुख्य जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई है। विधायक ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को बिना किसी देरी के शीघ्र पूरा किया जाए और प्रभावित भू-स्वामियों को तुरंत मुआवजा वितरित किया जाए। उन्होंने घोषणा की कि बहुत जल्द भव्य भूमि पूजन के साथ निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान जिले के एडीएम, उपजिलाधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल सहित राजस्व विभाग की पूरी टीम नक्शे के साथ मौके पर मुस्तैद रही। इसके अलावा राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष गंगाराम साहनी, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह, धीरज रिंटू सिंह, दिनेश गुप्ता, राजू प्रधान और महेंद्र प्रधान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वर्षों पुरानी मांग धरातल पर उतरने से पूरे क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## सहरोई बना चैंपियन, पुनित यादव के शतक ने दिलाई शानदार जीत

**तरूणमित्र न्यूज**

**मुगलसराय ( चंदौली )।** अलीनगर थाना क्षेत्र के सहरोई गांव में आयोजित बाबा खाटू श्याम क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा। करीब एक माह से चल रही इस अंतरजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्र की कुल 13 टीमों ने हिस्सा लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला टड़िया और सहरोई गांव की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर टड़िया ने पहले सहरोई को बल्लेबाजी का मौका दिया।

सहरोई की टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए निर्धारित 10 ओवर में 153 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। टीम की ओर से पुनित यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 101 रन बनाकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। 154 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टड़िया की टीम निर्धारित 10 ओवर में 130 रन ही बना सकी और 23 रनों से मुकाबला गंवा बैठी। सहरोई की टीम ने खिताब अपने नाम कर लिया। शानदार शतक लगाने वाले पुनित यादव को "मैन ऑफ द मैच" चुना गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सकलडीहा विधायक प्रतिनिधि प्रभात यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। खेल युवाओं को नई पहचान देने का सशक्त माध्यम है और मेहनत, लगन तथा अनुशासन के बल पर युवा प्रदेश और देश में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। इस अवसर पर रामकुमार यादव, रवि कुमार फौजी, राहुल मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों ने आयोजकों की सराहना की।

## 60 रुपये के विवाद में अधेड़ पर चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला, आरोपी गिरफ्तार




**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** जिले के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कैलाशपुरी स्थित मॉडल शॉप के सामने सोमवार की देर रात एक मामूली आर्थिक विवाद ने अचानक बेहद हिंसक रूप ले लिया। शराब के नशे में धुत एक सनकी युवक ने एक अधेड़ व्यक्ति पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे पूरे इलाके में सनसनी और हड़कंप मच गया। इस जानलेवा हमले में अधेड़ गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया, जिसे आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल व्यक्ति की पहचान 54 वर्षीय मुनक्का प्रसाद गुप्ता (निवासी महमूदपुर, थाना मुगलसराय) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मुनक्का प्रसाद का आरोपी विजय गिरी (पुत्र गौरी शंकर गिरी, निवासी रविनगर मोड़) के पास करीब 60 रुपये बकाया था। सोमवार की रात दोनों की मुलाकात इत्तेफाक से कैलाशपुरी मॉडल शॉप के पास हुई, जहां मुनक्का ने अपने पुराने बकाए पैसे की मांग की। विजय ने पैसे बाद में देने की बात कही, लेकिन इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गाली-गलौज और विवाद बढ़ने पर आरोपी विजय गिरी ने अपना आपा खो दिया और कमर से धारदार चाकू निकालकर मुनक्का प्रसाद गुप्ता के ऊपर ताबड़तोड़ प्रहार करना शुरू कर दिया।

अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने भारी मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत बीच-बचाव किया और आरोपी को मौके पर ही धर दबोचा। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को अपनी कस्टडी में ले लिया। गंभीर रूप से घायल मुनक्का प्रसाद गुप्ता को पहले स्थानीय जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत ट्रॉमा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी (सीओ) अरुण कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने साफ किया कि आरोपी पुलिस हिरासत में है और फिलहाल घायल की स्थिति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है।

## आधी रात का एक्शनः अवैध खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 7 वाहन सीज

### एसडीएम के नेतृत्व में चला सघन चेकिंग अभियान



**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जनपद में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने सोमवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए सात वाहनों को सीज कर दिया। एसडीएम राजीव मोहन सक्सेना के नेतृत्व में अलीनगर क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान से खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

ओवरलोड और अवैध परिवहन पर गिरी गाज- संयुक्त टीम ने विभिन्न मार्गों पर चेकिंग के दौरान दो ट्रेलर गिट्टी से ओवरलोड, एक डंपर मिट्टी से ओवरलोड तथा चार ट्रैक्टर अवैध मिट्टी परिवहन करते हुए पकड़े। जांच में आवश्यक दस्तावेज और परिवहन मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर सभी वाहनों को तत्काल सीज कर दिया गया।

खनन माफियाओं को कड़ा संदेश- अभियान में खनन अधिकारी प्रदीप कुमार राय और अलीनगर पुलिस भी मौजूद रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

लगातार जारी रहेगा अभियान- सीज किए गए वाहनों को मंडी चौकी और अलीनगर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि जिले के अन्य क्षेत्रों में भी इसी प्रकार के औचक अभियान चलाए जाएंगे।

जनता ने किया स्वागत- स्थानीय लोगों ने कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे सड़क सुरक्षा मजबूत होगी और सरकारी राजस्व को होने वाले नुकसान पर रोक लगेगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खेल एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक हुई संपन्न



सुल्तानपुर । जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला खेल एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विभिन्न खेल संघों एवं विभागों के सहयोग से खेल संस्कृति को सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित खेल संघों के पदाधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने खेलों के विकास से संबंधित सुझाव प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी महोदय ने खेल गतिविधियों के प्रभावी संचालन एवं समन्वय के लिए इस प्रकार की बैठक प्रत्येक माह में दो बार आयोजित किए जाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने स्टेडियम परिसर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने, खिलाड़ियों के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था करने तथा एक सुझाव समिति गठित करने की बात कही, जिसके माध्यम से खेल सुविधाओं के विकास हेतु प्रस्ताव तैयार किए जा सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने भी खेल संघों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए खिलाड़ियों के प्रोत्साहन एवं खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए सुझाव आमंत्रित किए। बैठक में खेलों के सर्वांगीण विकास एवं खिलाड़ियों के हित में सामूहिक प्रयासों पर बल दिया गया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता, युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल, आर.के. चतुर्वेदी, राजकुमार मौर्य, एम.एस. बेग, राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी विक्रम सिंह, तारिक वसीम, पंकज दुबे, एस.एन. सिंह, राहुल तिवारी, मुनेंद्र मिश्र, मोहम्मद सईद, स्टेडियम कोच प्रवीण मिश्रा, आनंद श्रीवास्तव, फायज़ा, राम नरेश सहित विभिन्न खेल संघों के सचिव एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया चिलुआताल घाट के सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण

गोरखपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 20.35 करोड़ की लागत से चिलुआताल घाट के सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया साथ ही निर्माणाधीन भजन संध्या स्थल एवं सौन्दर्यीकरण किये गये घाट का निरीक्षण तथा स्टालों का अवलोकन एवं वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री जी अपने सम्बोधन में कहा कि गोरखपुर के नागरिकों तथा आने वाले पर्यटकों के लिए एक सुन्दर नई जगह उपलब्ध कराने के अवसर पर मुझे अत्यन्त प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि अब तक हमारे पास रामगढ़ताल इको टूरिज्म का केन्द्र था। रामगढ़ताल में जल है वह नेचुरल था लेकिन उसमें शहर का ड्रेनेज, सीवर जाता था उसकी सफाई/डिशिल्ट किया गया, आज भी उसको ट्रीटमेन्ट करने के बाद जल वहां लाया जाता है लेकिन रामगढ़ताल का जल जहां पर विशुद्ध नेचुरल नहीं हो पाता वहीं आज जो नई चीज प्राप्त हो रही है वह चिलुआताल है। चिलुआताल की सुन्दरीकरण का कार्य पहले फेज में हो रहा है। इसमें जल नेचुरल है यहां पर वाटरवाडी 2021 में बनाना प्रारम्भ किया गया था। वर्ष 2020-2021 में डिशिल्ड किया गया था फर्टिलाइजर निर्माण के दौरान फर्टिलाइजर कारखाने के लिए जल की आवश्यकता होती उसके लिए जो भी जल लगेगा उस जल भी आपूर्ति यहां से होगी। इस दृष्टि से हम लोगो ने वाटर वाडी को उन्हें उपलब्ध कराया। आज मुझे आप सबको इस नये ताल की सुन्दरीकरण करने के पहले फेज को उपलब्ध कराते हुए प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पिछली सरकारों में ताल और पोखरे पर कब्जा होता था उन्हें नष्ट किया जाता था। उन पर अवैध कब्जा कर भवन बना लेते थे। वे गंदगी व अपराध के क्षेत्र बन जाते थे किन्तु आज डबल इंजन की सरकार ताल और पोखरो पर कब्जा नही बल्कि उनका संरक्षण करती है। प्रकृति के प्रति अपने उत्तरदात्वियों का निर्वहन करती है। उनको पर्यटक के रूप में एक डिस्नेशन और एक बेहतरीन गंतव्य के रूप में उसे विकसित करके आमजन और कलाकारों के लिए एक मंच उपलब्ध करवाती है। यही दृश्य इस चिलुआताल में हम सबको देखने को मिलेगा। विगत दिनों में रामगढ़ताल में वाटर स्पोर्ट्स की नेशनल, जूनियर रोइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। उसमें 22 राज्यों के 243 से अधिक खिलाड़ी भाग लिये थे। उन्होंने कहा हर व्यक्ति यही बोलता था कि इतनी अच्छी झील हमें कहीं देखने को नही मिलती है, परन्तु अब वाटर स्पोर्ट्स की संभावना रामगढ़ताल के साथ साथ चिलुआताल में भी मौजूद होगी। उन्होंने कहा कि अच्छी सरकार, अच्छी चीजें लेकर आती है। यहां ढेर सारे रोजगार के अवसर पर उपलब्ध होगें। यहां पर लोग परिवार के साथ आकर आनन्दित होगें और स्वास्थ्य का लाभ ले सकेंगें। उन्होंने कहा कि शहर के अंदर का तापमान और यहां के तापमान में अंतर होता है। यहां पर झील से ठंडी हवा उस तापमान को न्यूनतम स्तर पर लेकर आती है। एक नेचुरल प्रक्रिया के साथ हम सब जुड़कर आनन्द महसूस करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर की विकास की योजना शहर की स्वरूप को बदलती है और एक सकारात्मक परिवर्तन से ही हमारे बारे में लोगो के मन में अच्छी धारणा प्रारम्भ होती है। हमारी सिटी केवल स्मार्ट नही है बल्कि हम उसको स्मार्ट सिटी से सेफ सिटी, सेफ सिटी से सस्टेनेबल सिटी के रूप में आगे बढ़ाने की दिशा में बढ़ चुके है। विकास की सारी प्रक्रियाएं स्वतः स्फूर्त के साथ चल रही है। फर्टिलाइजर कारखाना 6 वर्ष पहले बंद था सारी गतिविधियाँ 1990 से बंद थी अब यहां एक एसएसबी भी है और खाद कारखाना भी है और प्रदेश का एक सैनिक स्कूल भी है और एक केन्द्रीय विद्यालय भी इस कैम्प में है। केन्द्रीय विद्यालय के नये भवन के लिए पैसा दे दिया है एक ही कैम्प में इतनी गतिविधियों एक साथ उपलब्ध हो रही है इन गतिविधियों को आगे बढ़ाने के साथ ही यहां पर बेहतरीन सुविधा प्राप्त हो रही है। विकास की अधिकांश सम्भावनाओ के साथ आगे बढ़ना है। प्रधानमंत्री जी ने खाद कारखाना का शिलान्यास किया था उस समय केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि यहां पर वाटर वाडी के बारे में कुछ करना चाहिए। यहां से फर्टिलाइजर को जल की आपूर्ति करनी थी इसे पर्यटन विकास की दृष्टि से आगे बढ़ाना था। इसलिए सरकार ने प्रयास प्रारम्भ किया और वह आज यह मूर्त रूप ले रहा है। यह पहला फेज है। इसके बाद अन्य फेज में आप देखेंगे कि इसमें रामगढ़ताल के तर्ज पर एक बेहतरीन स्वरूप टूरिज्म डिस्नेशन के रूप में स्थापित करके इको टूरिज्म का एक बेहतरीन केन्द्र के साथ वाटर स्पोर्ट्स केन्द्र बनायेंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि फ्लोटिंग सोलर को भी कोल इंडिया के साथ मिलकर के यहां पर एक सोलर पावर प्लान्ट स्थापित कर रहे है। जो 20 मेगावाट की बिजली देगा। गोरखपुर के पूरी सिटी को बिजली की आपूर्ति यहां के सोलर प्लान्ट से हो सकती है। उन्होंने कहा कि हम थर्मल पावर से बिजली लेते है तो उससे कुछ न कुछ कार्बन उत्सर्जन होता है प्रकृति को नुकसान पहुंचाता है लेकिन सूर्य से आने वाली किरणो से जो उर्जा प्राप्त होती है उसमें कार्बन उत्सर्जन नही होता है वह नेचुरल होती है। रिन्यूबल एनर्जी, ग्रीन एनर्जी है यह नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने में कार्बन उत्सर्जन जीरो करने में सहयोग करती है। इस परिवर्तन को हम कह सकते है कि कार्बन उत्सर्जन को रोकने की दिशा में किए जाने वाले प्रयास का एक हिस्सा है। विकास की सतत प्रक्रिया को हम नगर के अंदर ऐसे ही चलाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार सहयोग कर सकती है। लेकिन शहर वासियों को अपनी जिम्मेदारियों का पालन करना होगा कि शहर के विकास को आगे बढ़ाने के लिए उसमें सहयोग देना होगा। शहर को गंदगी/प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ शहर बनाने में अपना योगदान देना होगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि रामगढ़ताल में जो विकास सरकार द्वारा कराये जा रहे है उसमें सरकार के साथ स्वयंसेवी संस्थान, सीएसआर के माध्यम से बहुत सारे कार्य किए जा रहे है। इन सभी कार्यो को आगे बढ़ाने में हम सभी की जिम्मेदारी है कि वहा पर कोई भी गंदगी न करे बल्कि शहर को स्वच्छ सिटी बनाने में अपना सहयोग दे। उन्होंने कहा कि जब हम ऐसे स्थलों को गंदा रखते है तो उनका अस्तित्व खतरे में पड़ जाता है। जब हम सब शहर को गंदगी/प्लास्टिक मुक्त, स्वच्छता से युक्त, तथा हरा भरा सेफ, स्मार्ट सस्टेनेबल गोरखपुर के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ेंगे तो गोरखपुर के विकास की यात्रा एक नये गोरखपुर के रूप में देखने को मिलेगी। ये सतत विकास आने वाली पीढ़ियों को गौरव के साथ आगे बढ़ने के लिए अवसर देगा। उन्होंने कहा कि 5 जून से 21 जून के बीच मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष के सफलतम कार्य को ध्यान में रखकर एक विशेष अभियान प्रारम्भ हो। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस तथा 21 जून को विश्व योग दिवस है। उन्होंने कहा कि 5 जून को एक पेड़ मां के नाम महानगर वासी, स्वयं सेवी संगठन, सामाजिक संगठन तथा जनप्रतिनिधियों से अपील है कि वे चिलुआताल व रामगढ़ताल के चारों ओर एक पेड़ मां के नाम का व्यापक रूप से अभियान चलाकर वृक्षारोपण करें। इस अभियान में वन विभाग, नगर निगम, गोरखपुर विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन सहयोग करेगा। इसका लाभ आने वाली पीढ़ियां प्राप्त करेंगी। उन्होंने कहा कि 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर रामगढ़ताल व चिलुआताल के किनारे योग के विशेष शिविर आयोजित किये जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने झील के चारों ओर वृहद वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर सदर सांसद रवि किशन शुक्ला व महापौर डा0 मंगलेश श्रीवास्तव ने लोगो को संबोधित किया। इस अवसर पर विधान परिषद के सदस्य डा0 धर्मेन्द्र सिंह, विधायकगण फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, महेन्द्रपाल सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ला, डा0 विमलेश पासवान, इं0 सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी, जिला अध्यक्ष जर्नादन तिवारी, महानगर अध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, कालीबाड़ी के महंत रविन्द्र दास सहिंत वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया संयुक्त मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का शुभारम्भ

गोरखपुर । प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामगढ़ताल स्थित बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह एवं सांस्कृतिक केन्द्र में खरीफ अभियान-2026 के अन्तर्गत अधिक फसलोंत्पादन हेतु गोरखपुर, बस्ती एवं आजमगढ़ की संयुक्त मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का शुभारम्भ किया। परिसर में लगी स्टालों का अवलोकन एवं निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों को चेक, प्रमाण पत्र एवं चाभी वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विशेष रूप से 12 वर्ष में मा0 प्रधानमंत्री जी के एक यशस्वी नेतृत्व में खेती और किसानी के क्षेत्र में जो परिवर्तन हुआ है उसके कारण अन्नदाता किसानों के जीवन में हुए परिवर्तन और अन्नदाता किसान,समाज व राष्ट्र की मुख्य धारा में जुड़ते हुए आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर रहे है। आज से 12 वर्ष पहले देश के अंदर अन्नदाता किसान सर्वाधिक मात्रा में आत्महत्या कर रहा था 2005 से 2014 के काल खण्ड में लाखों की संख्या में देशभर में अलग अलग स्थानों पर अन्नदाता किसान ने आत्महत्या की थी। अच्छी क्वालिटी का बीज न मिलना, लागत का बढ़ाना, उत्पादन कम होना, अन्नदाता किसान को एमएसपी का सही दाम न मिलना, आपदा से बचाव के लिए कोई उपयुक्त प्रबंधन न होना और कोई राहत न उपलब्ध कराना आत्महत्या का कारण था। अगर अपनी किस्मत से अन्नदाता किसान ने मेहनत करके अन्न उत्पादन कर भी दिया उसके क्रय की कोई उचित व्यवस्था नही थी, उसका कोई अच्छा एमएसपी नही मिल पाता था। स्वतंत्र भारत में पहली बार हुआ है कि किसान को देश के अंदर कोई सरकार कह रही होंगी कि जैसे हम अपने उत्तम स्वास्थ्य के लिए अपना हेल्थ चेकअप कराते है। वैसे ही धरती माता के स्वास्थ्य का परीक्षण होना चाहिए। मृदा हेल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से प्रधानमंत्री जी ने अन्नदाता किसान के लिए फ्री में उपलब्ध कराने का कार्य 2014 में प्रारम्भ किया। प्रधानमंत्री किसान फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई की योजना को लागू करवाया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश का करोड़ो रूपया दलहन और तिलहन के आयात में खर्च करना पड़ता था। दुनिया के देशों को देना होता था। हम ने उसकी अच्छी किस्म के बीज अन्नदाता किसानों को देकर के दहलन और तिलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान प्रारम्भ करने की कार्यवाही किया है। हमारा अन्नदाता किसान साहूकारों चंगुल में न फंसे इसके लिए प्रधानमंत्री जी के द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ उपलब्ध करवाया। मण्डी में व्यापक रिफार्म की कार्यवाही को आगे बढ़ाया, किसानों के लिए की गयी यह घोषणाएं और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने इसको मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का कार्य किया है। आज अन्नदाता किसानों के लिए सरकार ने जो कदम उठाये है वह अभूतपूर्व है। सरकार की पहली कैबिनेट 2017 में इसी बात को लेकर कर्ज के नीचे जो किसान दबे है उन किसानों को कर्ज से मुक्त करने के लिए सरकार ने फसल ऋण मुक्त की एक विशेष योजना प्रारम्भ की थी। पहली बार उ0प्र0 के इतिहास में लागत का डेढ गुना दाम अन्नदाता किसान को प्राप्त हो रहा है और सरकारी क्रय केन्द्र खोलकर के उसकी उपज को खरीदने की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। दशको से प्रदेश के अन्दर जो सिंचाई की परियोजनाएं लंबित थी। उनमें सिंचाई परियोजनाओ को प्रारम्भ करने और उन्हें पूरा करने का कार्य किया गया। बाढ़ सागर परियोजना, सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, तथा बुन्देलखण्ड से जुड़ी हुई नई परियोजनाओ को लागू किया। इन सभी परियोजना को सरकार ने पूरा किया है पूरा करने के साथ ही 24 लाख हेक्टेयर सिंचाई भूमि उपलब्ध करायी है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों को सरकारी नलकूपों के माध्यम से सिंचाई हेतु फ्री बिजली देती है इसी प्रकार निजी नलकूपों के माध्यम से किसानो सिंचाई हेतु फ्री बिजली देने की व्यवस्था की है। किसान को राहत देने के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाये है देश के अंदर सबसे अधिक उर्वरा भूमि उ0प्र0 के पास है। दुनिया के अंदर सबसे अधिक सिंचित भूमि भी उ0प्र0 के पास है। लगभग 46 प्रतिशत भूमि सिंचित है। हमारे प्रदेश में तीनो प्रकार की फसल पैदा होती जिनमें रबी, खरीफ, जायद है। इसका परिणाम भी आना शुरू हुआ है। अन्नदाता किसानों की मेहनत का परिणाम है कि उनको इसका लाभ प्राप्त हो रहा है कृषि विकास की दर जो पहले 8 प्रतिशत थी अब वह 18 प्रतिशत हो गयी है। खाद्यान्न में आत्मनिर्भर के लक्ष्य को प्राप्त किया। आज उ0प्र0 खाद्यान्न उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। उ0प्र0 क्षेत्रफल के दृष्टि से देश में चौथा स्थान है परन्तु उ0प्र0 चीनी, एथेनाल, आलू सब्जी तथा दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। यह इस लिए हुआ कि सरकार के साथ साथ अन्नदाता किसान ने भी कड़ी मेहनत करना प्रारम्भ किया है उसका परिणाम आज हम सबके सामने है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार अलग-2 फसलों के समय में गोष्ठिया करती है जिससे कि अन्नदाता किसाना को अच्छी गुणवत्ता का बीज, अत्याधुनिक तकनीक की जानकारी तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी हो सके। सरकार आगे क्या कदम उठाने जा रही है और उसके बारे में आने वाले सुझावो पर विचार कर सके, उसके लिए यह गोष्ठियां की जाती है। आत्म निर्भर के लक्ष्य को प्राप्त करने में अन्नदाता किसान उसका माध्यम होगा। अन्नदाता किसान के माध्यम से इस लक्ष्य को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसान शोषण मुक्त हो, सुरक्षा मिल सके तथा किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों न हो इसके लिए सरकार प्रयासरत है। प्रदेश सरकार किसानों की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ साथ उनको मण्डी के साथ जोड़ने तथा अच्छे बीज उपलब्ध हो सके और अनेक प्रकार की आवश्यकताओ की पूर्ति करने में सहयोग करती है। आज उ0प्र0 जैसे राज्य में सभी सुविधाएं सफलता पूर्वक प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि देश की लगभग 11 प्रतिशत कृषि भूमि उ0प्र0 में है पर उसमें 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन का योगदान उ0प्र0 का है, यहां की आबादी देश की लगभग 16 से 17 प्रतिशत है और हमारे सामने चुनौतियां थी। देश के अंदर ऐसे कम ही राज्य है जिन्होंने किसानो के साथ साथ किसानों के जो सह किसान है उनको और उनके परिवार के सदस्यो को भी, किसी भी आपदा, हादसे का शिकार होने पर उनको लाभ दिया है परन्तु प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना से कवर करने का कार्य किया है। अगर किसान की पशु सुरक्षा, आकाशीय बिजली या अन्य किसी आपदा से मौत हो जाती है तो उसको 5 लाख रूपये की सहायता 24 घण्टे अंदर प्रदेश सरकार द्वारा दी जाती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा किसान को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। किसानों को अच्छा बीज मिले।

# मुख्यमंत्री ने किया फ्लैटेड फैक्ट्री सहित विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण/शिलान्यास

गोरखपुर । प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 208 करोड़ की लागत से गीडा क्षेत्र में फ्लैटेड फैक्ट्री सहित विभिन्न विकास कार्यो का लोर्कापण/शिलान्यास, काम्पलेक्स एवं ईडब्ल्यूएस, एलआईजी आवास एवं औद्योगिक भूखण्ड के आवंटियों को आवंटन पत्र वितरण तथा गीडा में स्थापित नाईलेट कौशल केन्द्र से प्रशिक्षित छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोरखपुर व पूर्वी उ0प्र0 में फ्लैटेड फैक्ट्री का शुभारंभ हो रहा है। एक ही कैम्पस में एमएसएमई से जुड़े हुए 100 से ज्यादा उद्योग संचालित हो सकते है। यह एक बेहतरीन मॉडल है। प्रशासन ने फ्लैटेड फैक्ट्री के पहले चरण में तीन मंजिल और उसमें तीन और नये मंजिल बन सकते है। इस भाव के साथ ऐसे एमएसएमई से जुड़े हुए नये उद्योग लगाने के लिए जो नौजवान/उद्यमी लालायित है उनके लिए रेडी टू यूज, यानि प्लग एण्ड प्ले के मॉडल पर फ्लैटेड फैक्ट्री के लोकार्पण कार्यक्रम को सम्पन्न कराया गया है। यह एक अभिनव प्रयास है, और दुनिया का एक मॉडल है। जो दुनिया के अंदर पहले होता था, लेकिन हम लोग उसमें पीछे भागते थे। उन्होंने कहा कि अब छोटी पूँजी में भी अच्छा मुनाफा कामाया जा सकता है और उद्योग स्थापित किया जा सकता है। फ्लैटेड फैक्ट्री उसका एक मॉडल है। इसमें रेडीमेड गारमेंट के साथ साथ इलेक्ट्रानिक प्रोडक्ट तथा अन्य उद्योग स्थापित कराये जा सकते है। इसके साथ जो श्रमिक, कर्मचारी गीडा में काम करते है उन श्रमिको/कर्मचारियों के लिए पूर्वी उ0प्र0 तथा दूर दराज के क्षेत्रों से आकर यहा पर किराये पर रहते है उनके लिए ईडब्ल्यूएस के आवास की सुविधा सस्ते में उपलब्ध है। उस पैसे को 7 वर्ष में दे सकता है। 6 महीने में व्यक्ति 50 हजार रूपये जमा करेगा तो वह आसानी से उस आवास को प्राप्त कर सकता है। ऐसे लगभग 100 परिवारों के लिए क्रय की व्यवस्था गीडा ने यहां पर किया है। एक अच्छा मॉडल फैक्ट्री के नजदीक रहने की सुविधा, व्यवस्था और सम्मानजनक स्थिति में कर्मचारी/श्रमिक सभी रह सकते है। यह मॉडल यहा पर देखने को मिला है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि फ्लैटेड फैक्ट्री में जो उद्यम स्थापित किए गये है उसमें गोरखपुर, पूर्वी उ0प्र0 के नौजवानों के लिए फ्लैटेड फैक्ट्री, रेडीमेड गारमेंट, इलेक्ट्रानिक प्रोडक्ट में एमएसएमई के लिए एक प्लेटफार्म के रूप में कार्य करेगा। इस दिशा में आगे बढ़े यह बेहतरीन प्लेटफार्म के रूप में उद्यम को आगे बढ़ाने में मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि उद्यम और विकास के लिए सुरक्षा सबसे जरूरी है। अगर सुरक्षा नही है तो न सुशासन आ सकता है, न समृद्धि आ सकती है इस लिए सरकार ने 2017 में आने के बाद एक लक्ष्य निर्धारित किया था। उन्होंने कहा कि सरकार अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टालरेंस की नीति के तहत काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा का मॉडल क्या होना चाहिए, वह उ0प्र0 में दिखाई दे रहा है। इसका परिणाम है कि लाखो नौजवानों को रोजगार मिल रहा है। गीडा में पिछले 9 वर्ष में उद्योग लगे है, और उनमें 50 हजार से अधिक नौजवानों को रोजगार प्रदान किया है। यहा पर पूर्वी उ0प्र0, बिहार, नेपाल तथा देश के अलग अलग राज्यों से आने वाले युवा है। जो आज गीडा में काम कर रहे है। यह सुरक्षा के माहौल के कारण हुआ है। सरकार ने तय किया है कि हम विकास सबका करेंगे, सुरक्षा सबको देंगे, योजनाओं को लाभ बिना किसी भेदभाव के साथ सबको मिल रहा है। उन्होने कहा कि किसी ने गरीब का हक छीनने का प्रयास, व्यापारियों को धमकाने का प्रयास,बेटियों को परेशान करने का कार्य करेगा तो सरकार उसे छोड़ेगी नही। सरकार की अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टालरेंस की नीति इस भाव के साथ आगे बढ़ रही है। उसी का परिणाम है कि प्रदेश में 50 लाख करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव पास हुये है। 15 लाख करोड़ रूपये का निवेश जमीनी धरातल पर उतारने का काम किया है। 7.5 लाख करोड़ रूपये का निवेश तैयार है, कभी भी इसको हम जमीनी धरातल पर उतार सकते है। लाखों नौजवानों को इसके माध्यम प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। एमएसएमई उद्यम को प्रोत्साहन करने का परिणाम है कि 3 करोड़ लोग अपने घरों के आसपास स्थानीय स्तर पर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों के प्रति कठोरता से निपटने की नीति का परिणाम है कि आज प्रदेश के अंदर नौजवानों को नौकरी मिल रही है। 9 लाख से अधिक नौजवानों को सरकार नौकरी उपलब्ध करायी गयी है। उ0प्र0 का कोई भी जिला नही है जिसमें उ0प्र0 का नौजवान उ0प्र0 पुलिस भर्ती में न हुआ हो। उ0प्र0 में उन्हें सरकारी नौकरी में स्थान मिला है। और नौजवानों को इसमें आगे बढ़ने का अवसर भी प्राप्त हुआ है। यह तभी संभव होता है जब अच्छी सरकार आती है। अच्छी सरकार तब आती है जब आप अच्छे जनप्रतिनिधियों को चुनकर भेजते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत बदल गया है। भारत के प्रति लोगों को नजरिया बदला है। हम नये भारत का दर्शन कर रहे है। विकास और विरासत को अपनी आँखों से देख रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आहवान पर 2017 में उ0प्र0 हमारी सरकार बनी, और हमसे जनता की जो आकाक्षांए थी उस आकांक्षा से दो कदम आगे बढ़कर डबल इंजन की सरकार ने कार्य किया है। आज विकास तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है।

# भूमि संबंधी प्रकरणों में लापरवाही पर हो सख्त कार्रवाई:मुख्यमंत्री

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में भूमि संबंधी शिकायतों पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने डीएम को निर्देशित किया कि भूमि संबंधी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। प्रकरण की गंभीरता के अनुसार संबंधित के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाए। किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही कतई क्षम्य नहीं है।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। कुछ लोगों ने जमीन से जुड़े मामलों में राजस्व कर्मियों की तरफ से लापरवाही किए जाने की शिकायत की तो उन्होंने डीएम को तत्काल कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने कहा कि सरकार इलाज में पूरी मदद करेगी। इसके लिए जरूरतमंद लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा और इसके बाद भी जरूरत पड़ी तो विवेकाधीन कोष से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। गोरखनाथ मंदिर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 150 लोगों से मिले। उनके पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिया कि किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। एक महिला ने कुछ लोगों द्वारा मकान से बेदखल किए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि मकान पर महिला का कब्जा दिलाया जाए। उन्होंने अलग-अलग मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में एक महिला ने मां के इलाज के लिए सहायता देने का निवेदन किया। मुख्यमंत्री ने आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। महिला ने बताया कि उसके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है। इस पर सीएम ने मौके पर मौजूद अफसरों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द इनका आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए। अधिकारी हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाएं, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया कि उन्हें विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। प्रात:काल गुरु गोरखनाथ और अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी का आशीर्वाद लेने के बाद सीएम योगी ने मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। गोवंश को अपने हाथ से गुड़-रोटी खिलाकर उन पर स्नेह बरसाया। इसी क्रम में मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए उन्होंने परिजनों के साथ आए बच्चों को पास बुलाकर उन्हें दुलराया। चॉकलेट दीं और उनसे पढ़ाई के बारे में बातचीत की। सीएम ने बच्चों को खूब पढ़ने-आगे बढ़ने का आशीर्वाद भी दिया।

# एसडीएम-तहसीलदार ने आतिशबाजी दुकान का किया निरीक्षण




बाराबंकी। बाराबंकी के सिरौलीगौसपुर में उपजिलाधिकारी अनिल सरोज और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने बुधवार को मरकामऊ स्थित आतिशबाजी दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान फायर पुलिस टीम भी उनके साथ मौजूद रही। यह निरीक्षण आगामी शादी के सीजन को देखते हुए प्रशासन की सतर्कता का हिस्सा था। अधिकारियों ने जाफर आतिशबाजी की दुकान और उसके गोदाम में रखे स्टॉक, लाइसेंस, अग्निशमन यंत्रों और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहनता से जांच की। उपजिलाधिकारी ने दुकान संचालक को निर्धारित मानकों के अनुसार ही आतिशबाजी का भंडारण करने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी अनिल सरोज ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दुकानदार को दुकान और गोदाम में रेत, पानी और अग्निशमन यंत्र हमेशा तैयार रखने, बिजली के खुले तार न रखने और दुकान में भीड़ एकत्र न होने देने के निर्देश दिए। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने भी दुकान के अभिलेखों की जांच की। एसडीएम ने बताया कि आतिशबाजी की बिक्री और भंडारण को लेकर समय-समय पर जांच अभियान जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण के दौरान बदोसराय कोतवाली प्रभारी राम अवतार सरोज सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# यूपीआईटीएस-2026 के जरिए वैश्विक व्यापार मानचित्र पर और मजबूत होगी यूपी की पहचान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2026 का आयोजन किया जा रहा है। पिछले तीन संस्करणों की सफलता के बाद यह आयोजन अब उत्तर प्रदेश के उत्पादों, सेवाओं, तकनीक और नवाचारों को वैश्विक बाजार से जोड़ने वाला एक प्रमुख मंच बन चुका है। इसके माध्यम से प्रदेश के उद्योग, एमएसएमई, स्टार्टअप और निर्यात क्षेत्र को नए अवसर मिलने की उम्मीद है। यूपीआईटीएस-2026 में 2400 से अधिक प्रदर्शकों के भाग लेने का अनुमान है, जबकि 85 देशों से 550 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के आने की संभावना है। इसके अलावा 1.50 लाख से अधिक घरेलू बी-टू-बी खरीदार और लगभग 4.50 लाख आम नागरिकों की उपस्थिति का अनुमान लगाया गया है। यह आयोजन प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के साथ-साथ निवेश और व्यापारिक साझेदारियों को भी नई ऊंचाई देगा। ट्रेड शो के दौरान 4000 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की संभावना है, जिनका अनुमानित मूल्य 3200 करोड़ से अधिक हो सकता है। इसके अतिरिक्त 13,500 करोड़ से अधिक के संभावित व्यापारिक लीड और पूछताछ उत्पन्न होने का अनुमान है। इससे प्रदेश के एमएसएमई, ओडीओपी इकाइयों, निर्यातकों और उद्यमियों को व्यापक लाभ मिलने की उम्मीद है। करीब 1.10 लाख वर्गमीटर प्रदर्शनी क्षेत्र में आयोजित होने वाला यह मेगा आयोजन योगी सरकार की औद्योगिक, निर्यात और निवेश प्रोत्साहन नीतियों का प्रदर्शन भी करेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह आयोजन प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए और अधिक आकर्षक बनाने के साथ-साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका गुमशुदा बच्चे की तलाश के सम्बन्ध में।

# ज्येष्ठ मास के छठवें बड़े मंगलवार पर विद्युत विभाग की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन



बल्दीराय-सुल्तानपुर। ज्येष्ठ मास (अधिमास)के छठवें बड़े मंगलवार पर बल्दीराय कस्बे में आस्था,सेवा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला।विद्युत विभाग बल्दीराय की ओर से आयोजित विशाल भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।देर तक चले इस आयोजन में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।भंडारे का आयोजन विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी (एसडीओ) एम.पी. सिंह के नेतृत्व में विभागीय कर्मचारियों के सहयोग से किया गया।आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे।प्रसाद वितरण की व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की गई,जिससे बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों ने भी सहभागिता निभाई। एसडीएम प्रवीण कुमार, तहसीलदार अरविंद तिवारी,नायब तहसीलदार गुलाब सिंह और एसडीओ एम.पी. सिंह ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।भंडारे में पूड़ी,सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया,जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव के साथ ग्रहण किया।इस अवसर पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। धार्मिक आयोजनों के प्रति लोगों की आस्था और उत्साह पूरे कार्यक्रम के दौरान देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने आयोजन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और धार्मिक परंपराओं को मजबूत करने वाला प्रयास बताया।कार्यक्रम में प्रधान विजय पासी,प्रधान राजेश दुबे,जेई आनंद भारती,जेई परशुराम,जेई सिद्धार्थ रावत,अमित मिश्रा,संदीप पांडे,विजय कुमार,अमित पांडे,प्रवेश कुमार,नीरज तिवारी,भोला तिवारी,शैलेंद्र कुमार यादव,ननकऊ सहित विद्युत विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने भंडारे को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# योगी सरकार की महत्वपूर्ण पहल, रसोइयों और विद्यालयी कर्मियों को मिलेगी कैशलेस चिकित्सा सुविधा

लखनऊ। प्रदेश की शिक्षा और पोषण व्यवस्था को मजबूती देने वाले रसोइयों एवं विद्यालयी कर्मियों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए योगी सरकार ने एक और महत्वपूर्ण पहल की है। अब परिषदीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) और पीएम पोषण योजना से जुड़े हजारों कर्मियों तथा उनके परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर्मयोगी कल्याण की सोच के अनुरूप बेसिक शिक्षा विभाग ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेशभर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिससे पात्र लाभार्थियों तक स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाया जा सके।

शिक्षा निदेशक (बेसिक) अनिल भूषण चतुर्वेदी द्वारा इस संबंध में सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों, परिषद से मान्यता प्राप्त विद्यालयों (अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित), कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षामित्र, विशेष शिक्षक (सीडब्ल्यूएसएन अनुदेशक), पीएम पोषण योजना से जुड़े रसोइया तथा आंगनबाड़ी परिवार के सदस्यों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किया जाना है। योजना के प्रभावी संचालन एवं लाभार्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए 4 जून को दोपहर 12 बजे शिक्षा निदेशक (बेसिक) कार्यालय, लखनऊ में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में संबंधित विभागों एवं जनपदों के नामित अधिकारियों और कर्मियों को योजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित कार्मिकों को नोडल अधिकारी नामित करते हुए प्रशिक्षण में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से भी प्रतिभाग करने की व्यवस्था है, ताकि प्रदेश के सभी जिलों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# यात्रियों के फोन चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय आरोपियों पर कार्रवाई

गोंडा। गोंडा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी करने वाले दो अंतर्जनपदीय आरोपियों को जीआरपी और आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए चोरों की पहचान देवरिया निवासी अरविंद कुमार और उन्नाव निवासी हिमांशु यादव के रूप में हुई है। इनके पास से चार महंगे मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, जिनकी कुल कीमत 95 हजार रुपये बताई जा रही है। साथ ही, 1400 रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, ये आरोपी चलती ट्रेनों और रेलवे प्लेटफॉर्म पर सो रहे यात्रियों को निशाना बनाते थे। आरोपी हिमांशु यादव के खिलाफ लखनऊ के पीजीआई थाने में पहले से ही एक मुकदमा दर्ज है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चोरी किए गए मोबाइल फोन को कम दामों में बेचकर अपनी जरूरतें पूरी करते थे। ये सिर्फ गोंडा ही नहीं, बल्कि प्रदेश के अन्य रेलवे स्टेशनों पर भी इसी तरह की वारदातों को अंजाम देते थे। हाल ही में गोंडा रेलवे स्टेशन पर हुई चोरी की घटनाओं के बाद, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ने गोंडा आरपीएफ प्रभारी अनिरुद्ध प्रसाद को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिसके बाद यह गिरफ्तारी हुई। गोंडा आरपीएफ प्रभारी अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि आरोपी गोंडा के बाहर के रहने वाले हैं। वे देवरिया और उन्नाव से आकर गोंडा में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे और फिर फरार हो जाते थे। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर इन्हें गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का खुलासा किया गया है। पुलिस अन्य संबंधित घटनाओं की भी जांच कर रही है। यात्रियों को भी जानकारी दी जा रही है कि जब भी वह यात्रा करें तो अपने फोन को सुरक्षित रखें प्लेटफार्म पर सोते समय अपने फोन को सुरक्षित जगह पर रखें।

# धारा-67ए के तहत लाभ में अनियमितता का आरोप

**जिलाधिकारी ने दो सदस्यीय जांच टीम बनाई, सात दिन में मांगी रिपोर्ट**

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बकचुना निवासी उमेश कुमार तिवारी ने तत्कालीन लेखपाल ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, राजस्व निरीक्षक भोलानाथ शर्मा और तत्कालीन ग्राम प्रधान राजेश यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तिवारी ने इन पर पद का दुरुपयोग कर और सरकारी नियमों की अनदेखी करते हुए धारा-67ए के तहत गलत तरीके से लाभ दिलाने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र के अनुसार, ग्राम सभा बकचुना की पुरानी गाटा संख्या 1033 की भूमि चकबंदी के दौरान सामान्य आबादी के लिए आरक्षित की गई थी, जिसका नया गाटा संख्या 1580 है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि धारा-52 के प्रकाशन के समय यह भूमि नवीन परती के खाते में दर्ज थी और उस पर कोई निर्माण नहीं था। इसके बावजूद, नियमों को दरकिनार करते हुए ग्राम प्रधान के करीबी रिश्तेदारों चिमना देवी और शिवकुमारी को धारा-67ए के तहत लाभ दे दिया गया। उमेश तिवारी ने बताया कि लाभ दिए जाने से पहले जिलाधिकारी की आवश्यक अनुमति भी नहीं ली गई थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि लाभार्थियों के परिवार के पास पहले से पर्याप्त भूमि उपलब्ध थी, फिर भी उन्हें सरकारी प्रावधानों का अनुचित लाभ पहुंचाया गया। शिकायतकर्ता ने इसे अधिकारियों और ग्राम प्रधान की मिलीभगत का परिणाम बताया है। शिकायत में यह भी मांग की गई है कि ग्राम सभा में धारा-67ए के अंतर्गत दिए गए अन्य लाभों की भी समीक्षा की जाए। साथ ही, तत्कालीन लेखपाल पर प्रभाव का दुरुपयोग कर अनुचित कार्य करने का आरोप लगाते हुए उनकी पत्नी के नाम खरीदी गई संपत्तियों की जांच कराने की भी मांग उठाई गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने मुख्य राजस्व अधिकारी गजेंद्र कुमार और सहायक अभिलेख अधिकारी पवन कुमार शर्मा की दो सदस्यीय टीम गठित की है। इस टीम को सात दिन के भीतर संयुक्त जांच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच टीम शिकायतकर्ता सहित संबंधित पक्षों के बयान दर्ज कर तथ्यों का परीक्षण करेगी और अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय को सौंपेगी।

## विजय शंकर तिवारी ने राष्ट्रीय स्तर पर मारी बाजी

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2025-26 में 98 प्रतिशत अंक पाकर विजय शंकर तिवारी ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले व क्षेत्र का नाम रोशन किया है बताते चलें कि विजय शंकर तिवारी पुत्र रामचंद्र तिवारी नगर पंचायत कुमारगंज के पूरे शिवा तिवारी गांव के निवासी हैं जो अमानीगंज ब्लाक के पीएम कंपोजिट विद्यालय खंडासा में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं विजय शंकर तिवारी के इस सफलता को लेकर जहां लोगों में खुशी की लहर है वही अमानीगंज ब्लाक के शिक्षकों ने विजय शंकर तिवारी की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी हैस विजय शंकर तिवारी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व अपने गुरुजनों सहित बुर्जुगों का आर्शीवाद बताया है।

# रविन्द्र यादव को सहकर्मियों ने दी भावभीनी विदाई

**सेवा काल की हुई सराहना, यादगार पल हुए साझा**




**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय परिवार ने अपने वरिष्ठ कर्मचारी रविन्द्र यादव को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय प्रताप सिंह ने किया। समारोह में चिकित्सालय अधीक्षक संगठन के अध्यक्ष रामबली गुप्ता, मंत्री अभय दुबे, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी सहित अरविन्द दुबे, सुनील दुबे, अजीत, संजय यादव, सीताराम, अजय पाठक, अजय सिंह, विनोद, सेवानिवृत्त कर्मचारी लल्लन यादव, मैट्रन महोदया एवं नर्सिंग संवर्ग की सिस्टर्स उपस्थित रहीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने रविन्द्र यादव के लंबे सेवा काल की सराहना की। सहकर्मियों ने उनके मिलनसार व्यवहार, कर्तव्यनिष्ठा और सहयोगी भाव को याद करते हुए कहा कि उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा।

प्रमुख अधीक्षक महोदय ने यादव को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और सुखद, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। अपने विदाई भाषण में रविन्द्र यादव भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय परिवार ने उन्हें हमेशा सहयोग और सम्मान दिया, जिसके लिए वे हृदय से आभारी हैं। सभी कर्मचारियों ने उन्हें माला पहनाकर, उपहार देकर विदा किया। कार्यक्रम का समापन जलपान के साथ हुआ।

# राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी व अधिवेशन सम्पन




**अयोध्या।** शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उ. प्र. द्वारा राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी एवं वार्षिक अधिवेशन का आयोजन मारवाड़ी भवन अयोध्या में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, शैक्षिक व देश भक्ति गीत आदि मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में शैक्षिक नवाचारों, राज्य स्तरीय विषयगत शैक्षिक नवाचार कार्यशालाओं के आयोजन, शैक्षिक नवाचार संकलन, शैक्षिक भ्रमण, शैक्षिक नवाचार कार्यक्रम तथा एसोसिएशन की मजबूती हेतु प्रयास,कार्य योजना आदि विन्दुओं पर चर्चा की गई। शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि महापौर अयोध्या गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि मैंने आज देखा कि कोई एसोसिएशन ऐसा भी है जो अपनी माँगो को नहीं बल्कि शैक्षिक नवाचारों व बच्चो के शिक्षण हित के लिए कार्य कर रहा है। श्री त्रिपाठी ने कहा अवकाश के समय इतनी संख्या में शिक्षको की उपस्थिति दर्शाती है कि आप सब शिक्षा व एसोसिएशन प्रति समर्पित है। राष्ट्रीय महा सचिव ऑल इण्डिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स आर्गनाइजेशन सी0 एल0 रोज ने संगठनात्मक विन्दुओं पर चर्चा करते हुए कहा प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में एसोसिएशन सराहनीय कार्य कर रही है । एआईएफटीओ पदाधिकारी माधुरी रोज व पूर्णिमा गोस्वामी आदि अतिथियों व पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उ.प्र. मनोज कुमार सिंह ने एसोसिएशन की कार्यप्रणाली व कार्य योजना पर चर्चा करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। अन्त में अतिथियों ने कार्यक्रम में मौजूद सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शरद चौहान, महेश कुमार, दिनेश तिवारी, स्वीटी मथुरिया,पारुल निरंजन सचान, डा. प्रीती सिंह आदि ने शैक्षिक नवाचारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन श्रुति त्रिपाठी ने किया?। कार्यक्रम में शरद चौहान अंजू शर्मा, दिनेश तिवारी, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, कुमुद दुवे, अर्चना गोस्वामी, इन्दु, ऐश्वर्य नारायण आदि प्रदेश भर से आये पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बड़े मंगलवार पर सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन



**अयोध्या।** ज्येष्ठ माह के पावन बड़े मंगलवार के अवसर पर टेढ़ी बाजार चौराहे पर श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री हनुमान जी को पुष्पमाला अर्पित कर एवं विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी राम गोस्वामी ने बताया कि बड़े मंगलवार के अवसर पर जनकल्याण एवं धर्म सेवा की भावना से इस आयोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री महंत स्वामी डॉ. भरत दास जी महाराज उपस्थित रहे और श्रद्धालुओं को धर्म एवं भक्ति का संदेश दिया।

सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा वातावरण श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से भक्तिमय हो उठा। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी, बूंदी एवं लस्सी का प्रसाद वितरित किया गया। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, धर्मप्रेमी एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# नारी देश और समाज की आधारशिला : नीलम सिंह

**बड़े मंगलवार पर हनुमान चालीसा पाठ के साथ नारी शक्ति संगोष्ठी के साथ नारी शक्ति का हुआ सम्मान समारोह**



**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या में अयोध्या आई हॉस्पिटल के पीछे साहनी कॉलोनी में समाज सेविका नीलम सिंह के स्थित आवास पर जेठ मास के पांचवें मंगलवार को सैकड़ो नारी शक्तियों ने बजरंगबली के चित्र पर माल्यार्पण कर विधवत पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया तत्पश्चात उपस्थित महिलाओं ने नारी शक्ति पर चर्चा परिचर्चा किया गया। समाज सेविका नीलम सिंह ने उपस्थित नारी शक्तियों का तिलक लगाकर एवं रामनवमी गमछा ओढ़ा कर स्वागत सम्मान किया। समाज सेविका नीलम सिंह ने अपने संबोधन में कहा की नारी देश और समाज की आधारशिला हैं जो एक साथ एक शिक्षक मार्गदर्शक प्रशासक और पोषण करता की भूमिका निभाती हैं समाज में समानता स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ वे आर्थिक विकास में सक्रिय योगदान देकर राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाती हैं। वही नारी शक्ति सेना की प्रमुख गुड़िया त्रिपाठी ने कहा की नारी एक परिवार को एक सूत्र में बांधने से लेकर बच्चों के पालन पोषण और नैतिक शिक्षा में नारी की अहम भूमिका प्रमुख होती है। बड़े मंगलवार पर उपस्थित नारी शक्ति को संबोधित करते हुए अयोध्या मीडिया सेंटर की प्रबंध निदेशक रूबी सोनी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में सेना, शिक्षा, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, और तकनीक में कंधे से कंधा मिलाकर देश की ज़ी0डी0पी0 में योगदान दे रही है। महिलाओं की भागीदारी देश को एक समावेशी दिशा देती हैं। हनुमान चालीसा पाठ में मौजूद रही वरिष्ठ पत्रकार मंजू वर्मा ने कहा नारी के बिना सशक्त राष्ट्र की कल्पना अधूरी है द्य समाजसेविका की आवास पर बड़े मंगलवार पर बजरंगबली की विधवत पूजा अर्चना के बाद हनुमान चालीसा पाठ के साथ-साथ नारी एकता का परिचय एवं चर्चा कार्यक्रम संपन्न हुआ उक्त कार्यक्रम में गिरीश सिंह का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर राजा अशोक सिंह, विद्या तिवारी, संगीता श्रीवास्तव, समाज सेविका राम झरोखा मंदिर की व्यवस्थापक रेखा गोस्वामी, नीलम शुक्ला, रेनू श्रीवास्तव, सिद्ध पीठ जालपा मंदिर की प्रमुख गीता मिश्रा, गायिका चंदा भाभी, गायक करमचंद निषाद, सहित सैकड़ो नारी शक्ति एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

## मोबाइल चोरी में झारखंड की दो महिलाएं गिरफ्तार

**रौनाही पुलिस ने 6 आईफोन व 21 एंड्राइड फोन किया बरामद**




**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र में वाहनों, बजारों , दुकानों आदि से चोरी छुपे मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह से जुड़े दो आरोपियों को पड़कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।

इनके पास से 6 आईफोन और 21 एंड्राइड फोन बरामद होने का पुलिस ने दावा किया है। पकड़े गए दोनों चोर झारखंड के निवासी हैं। यह घुमंतू प्रवृत्ति के लोगों की तरह क्षेत्र में रहकर अपराध करते रहे हैं। रौनाही थाना प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि पिछले कुछ महीने से मोबाइल चोरी की वारदात बढ़ गई थी। कई शिकायतें आने के बाद चोरों के इस संगठित गिरोह को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया।जिससे सफलता मिली है।

पकड़े गए लोगों में चन्दा सबर पत्नी दीपक सबर निवासी इंचड़ा थाना जादूगोड़ा जनपद पूर्वी सिंहभूमि झारखण्ड उम्र लगभग 50 वर्ष, पुरिला पत्नी राहुल उम्र करीब 25 वर्ष निवासी इंचड़ा थाना जादूगोड़ा जनपद पूर्वी सिंहभूमि झारखण्ड को मु0अ0सं0-216/2026 धारा 317(2)/317(4) बी एन एस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इनसे मिली जानकारी के आधार पर जल्द ही गिरोह तक पहुंचने की तैयारी है।

# ग्रीष्मकालीन चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ कल

**अयोध्या।** राज्य ललित कला अकादमी व स्वदेश संस्थान, सागर कला भवन के संयुक्त तत्वावधान में विगत वर्षों भांति इस वर्ष भी 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सागर कला भवन अयोध्या में होगा । यह आयोजन 5 जून से 26 जून तक स्वदेश संस्थान, सागर कला भवन अयोध्या में संस्थान अध्यक्ष एस. बी. सागर प्रजापति के संयोजन में किया जाएगा। कार्यशाला संयोजक एस. बी. सागर प्रजापति ने बताया कि कार्यशाला में विविध कला विशेषज्ञ के रूप में प्रशिक्षक वीरेन्द्र कुमार, इमरान खान, प्रवीण कुमार तथा सहायक प्रशिक्षक के रूप में कृपा शंकर गुप्ता, आशा गुप्ता, प्रतिभा यादव, पवन कुमार, अरुण यादव के द्वारा छात्र छात्राओं के कलात्मक अभिरुचि के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा और कार्यशाला के समापन समारोह में हस्त निर्मित कलाकृतियों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा सभी प्रतिभागियों को राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश द्वारा प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। छात्र - छात्राओं में कला की अभिरुचि जाग्रत करने एवं कला प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा चित्रकला को कैरियर के रूप में प्रयोग करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन प्रत्येक वर्ष जून माह में किया जाता है। जिसमें प्रतिभाग करने हेतु हेल्पलाइन नम्बर 8874478080 पर सम्पर्क करके सागर कला भवन, नाका चुंगी अयोध्या में आकर आवेदन कर सकते हैं। संयोजक एस. बी. सागर प्रजापति ने बताया कि इस कार्यशाला में चित्रकला के साथ ही साथ भित्ति चित्रण, लिप्पन आर्ट, रिलीफ डिजाइन और पेंटिग, मूर्तिकला, मेंहदी डिजाइन, पर्यावरण संरक्षण, मानव जीवन आदि से संबंधित कलाकृतियों का प्रशिक्षण छात्र छात्राओं की अभिरुचि के अनुसार दिया जाएगा। कला के क्षेत्र में सुनहरे भविष्य के लिए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो आयु वर्गों 10 से 17 तथा 18 से अधिक आयु तक के छात्र- छात्रायें व नवोदित कला साधक प्रतिभाग कर सकते हैं। अभिरुचि के अनुसार नित्य नए तकनीक व शैलियों में कला की अभिरुचि को जाग्रत करने, दृश्यकला के प्रति युवाओं को प्रेरित करने व कला प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला की नवोदित कला साधक वाटर कलर, ऑयल कलर, क्रेयान या ऑयल पेस्टल, स्याही, पेंसिल स्केच, चारकोल , ग्लास, कांच, पुट्टी आदि माध्यम से मेमोरी ड्राइंग पेन्टिंग, डिजाइन या मेंहदी, स्टिल लाइफ ड्राइंग पेन्टिंग, भित्ति चित्रण, मूर्तिकला, ऑउटडोर पेन्टिंग लैण्ड स्केप, नेचर ड्राइंग पेन्टिंग व पोट्रेट आर्ट वर्क, लोक कला पेन्टिंग, रंगोली आदि बनाकर अपने कला रंग का जलवा बिखेरेंगे।

## वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराए जाने की अंतिम तिथि कल

**अयोध्या।** उच्चतम न्यायालय के आदेश के क्रम में उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ द्वारा वक्फ की संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराए जाने हेतु अंतिम तिथि 5 जून 2026 तक का अवसर प्रदान किया गया है, वही उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ द्वारा भी उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में मुतवल्लीयों को जिला कोऑर्डिनेटर बनाकर उम्मीद पोर्टल के काम को अंजाम दिया गया, जिसमें जनपद अयोध्या के मुत्वल्ली व कोऑर्डिनेटर मोहम्मद आजम कादरी व मोहम्मद आरिफ द्वारा भी सुन्नी सेंट्रल वर्क बोर्ड के आदेश का पालन करते हुए तमाम वक्फ की मिल्कीयत को दर्ज कराया गया, लेकिन जो वक्फ की संपत्ति अभी जनपद अयोध्या मे दर्ज नहीं हो पायी है उसे 5 जून 2026 तक सभी मुत्वल्ली को और हक़ मोईन वेलफेयर सोसाइटी के सम्मानित कार्यकर्ताओ को इस कार्य को आकर नि:शुल्क दर्ज कराने के लिए निवेदन किया है जिससे समय रहते बचे हुवे अवक़ाफ को दर्ज कराया जा सके।

## जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



**गोसाईंगंज-अयोध्या।** सदर तहसील के संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार की देर शाम प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सलेमपुर, पिपरी, संग्राम एवं मूडाडीहा गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर बाढ़ के समय आने वाली कठिनाइयों की जानकारी लिया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने एडीएम वित्त एवं राजस्व अमित कुमार भट्ट तथा एसडीएम सदर अरविंद कुमार के साथ मडना स्थित अत्याधुनिक बाढ़ राहत केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश यादव ने बताया कि राहत केंद्र भवन में अभी तक ग्रिल नहीं लगाई गई है तथा बाउंड्री वॉल का निर्माण भी अधूरा है, जिससे सुरक्षा संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ राहत केंद्रों की सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं, ताकि आपदा की स्थिति में प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी एवं विश्लेषण पर साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यशाला




**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के पर्यावरण विज्ञान विभाग स्थित सरयू प्रयोगशाला द्वारा प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम ऊषा) के अंतर्गत आयोजित परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी एवं विश्लेषण विषयक एक सप्ताहीय प्रशिक्षण 1 जून 2026 से आयोजित किया जा रहा है। विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े प्रतिभागियों को वायु गुणवत्ता निगरानी एवं विश्लेषण की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 60 से अधिक प्रतिभागी विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से सहभागिता कर रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य विशेषज्ञ सहायक वैज्ञानिक अधिकारी, पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन, भोपाल के डॉ. अमित कुमार मिश्रा ने वायु प्रदूषण की यात्रा उत्सर्जन से प्रभाव एवं शमन तक विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि वायु प्रदूषकों के विभिन्न स्रोतों, उनके वातावरण में परिवहन एवं प्रसार, मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव तथा प्रदूषण नियंत्रण एवं शमन की रणनीतियों का गहन अध्ययन आवश्यक हो गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम तथा वायु गुणवत्ता प्रबंधन की आधुनिक अवधारणाओं पर भी बृहद वैज्ञानिक अध्ययन की आवश्यकता है। अन्य विशेषज्ञ सीनियर प्रोग्राम मैनेजर (एयर क्वालिटी) भव्य शर्मा ने वायु प्रदूषण के अध्ययन एवं प्रबंधन से जुड़े केस स्टडी विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए भारत के विभिन्न शहरों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के सफल उदाहरणों तथा डेटा आधारित नीति निर्माण की प्रक्रियाओं का विश्लेषण किया। उन्होंने प्रतिभागियों को वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु बहु-क्षेत्रीय सहयोग और वैज्ञानिक अनुसंधान के महत्व से अवगत कराया। सत्र के व्याख्यान में प्रेसिडेंट, एनवायरोटेक प्राइवेट लिमिटेड, इंडिया के डॉ. बलबीर सिंह, द्वारा वायु प्रदूषण निगरानी में प्रयुक्त उन्नत उपकरणीय तकनीकें विषय पर दिया गया। उन्होंने गैस विश्लेषक, पार्टिकुलेट मॉनिटर, कैलिब्रेशन तकनीकों तथा नवीनतम स्वचालित निगरानी प्रणालियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। आधुनिक उपकरणों के संचालन, रखरखाव तथा वास्तविक समय वायु गुणवत्ता डेटा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी दिनों में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा वायु प्रदूषण निगरानी, डेटा विश्लेषण, गुणवत्ता आश्वासन एवं गुणवत्ता नियंत्रण, उपकरणीय प्रशिक्षण तथा प्रयोगशाला आधारित व्यावहारिक सत्र आयोजित गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को वायु गुणवत्ता निगरानी एवं विश्लेषण की सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक जानकारी प्रदान कर उन्हें पर्यावरणीय अनुसंधान एवं प्रबंधन के क्षेत्र में दक्ष बनाना है। पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रवक्ता बृजेश कुमार यादव द्वारा परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी की मूलभूत अवधारणाएँ विषय पर प्रस्तुत किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी के सिद्धांत, विभिन्न वायु प्रदूषकों, राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानको का नमूना संग्रहण तकनीकों तथा पीएम 10 एवं पीएम 2.5 की निगरानी में प्रयुक्त उपकरणों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रतिभागियों में स्नातक, स्नातकोत्तर, शोधार्थी तथा पर्यावरण, विज्ञान एवं संबद्ध विषयों की विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमियों से जुड़े विद्यार्थी शामिल हैं। कार्यक्रम प्रतिभागियों को विशेषज्ञों के साथ संवाद, आधुनिक उपकरणों के व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा वायु गुणवत्ता विश्लेषण की नवीनतम तकनीकों को सीखने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल, डॉ. विनोद कुमार चौधरी, डॉ. रुद्र प्रताप सिंह, डॉ. नवीन पटेल, तथा पर्यावरण विज्ञान विभाग के समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू होने पर दिव्यांगों ने विधायक का किया सम्मान

**दुकानों के आवंटन में दिव्यांगजनों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया**



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री द्वारा नगर निकाय, विकास प्राधिकरण एवं डूडा के अंतर्गत निर्मित होने वाली दुकानों के आवंटन में दिव्यांगजनों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। इस निर्णय का लाभ अब जिले के दिव्यांगजनों को मिलने जा रहा है। दुकानों के लिए करीब 250 दिव्यांगो ने आवेदन किया है। प्रक्रिया शुरू होने से उत्साहित दिव्यांगजनों ने विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को सर्किट हाउस में माल्यार्पण करके सम्मानित किया। कार्यक्रम में दिव्यांग कल्याण समिति के अध्यक्ष मो. अकरम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे। दिव्यांगजनों ने मुख्यमंत्री एवं विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से उन्हें स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दिव्यांगजनों के हित में लिया गया यह निर्णय सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बनेंगे तथा उन्हें सम्मानजनक आजीविका का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

भारतीय दिव्यांग कल्याण समिति के अध्यक्ष मो. अकरम ने कहा कि नगर निकाय, विकास प्राधिकरण तथा डूडा के माध्यम से बनने वाली दुकानों में चार प्रतिशत आरक्षण के तहत जनपद के करीब 250 दिव्यांगजनों ने दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन किया है। आवंटन प्रक्रिया शुरू होने से दिव्यांगजनों में उत्साह का माहौल है और उन्हें उम्मीद है, इससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। दुकानों में आरक्षण का प्रावधान दिव्यांगजनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। स्वागत करने वालों में सद्दाम, प्रदीप मौर्या, बसंत राम, गुलाम अली, जयकरन, इन्दर भारती, दुर्गावती, रमेश कुमार, सीमा पाण्डेय, सोनी यादव, पंकज, लक्ष्मी, साबिर अली, जगदीश प्रसाद, शेर बहादुर, अनुपम पाण्डेय, अशोक कुमार शामिल रहे।